


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 54 | ग्वालियर गुरुवार 24 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### दिहाड़ी मजदूर से 661 करोड़ के मालकि बने हैं बीजेपी के जयंती पटेल, पति-पत्नी के पास दो करोड़ के जेवर




गुजरात विधानसभा चुनाव में बीजेपी के जयंती पटेल सबसे अमीर उम्मीदवार हैं।इस बार गुजरात विधानसभा चुनाव में मणसा के बीजेपी उम्?मीदवार जयंती पटेल की चर्चा खूब है। वजह है उनका सबसे अमीर होना। वैसे तो वह क?िसान पर?िवार से आते हैं, लेक?िन गहनों का बड़ा शौक रखते हैं। जयंती पटेल और उनकी पत्?नी आनंदी बेन पटेल के पास करीब दो करोड़ के गहने हैं। वैसे उनका पर?िवार कारोबार में है।

**पति-पत्नी दोनों गहनों के शौकीन**-जयंती पटेल और उनकी पत्नी आनंदी पटेल को ज्वेलरी का शौक है। दोनों के पास करीब 2 करोड़ रुपये के हीरे, सोना, चांदी वगैरह की ज्वेलरी है। जयंती पटेल ने बताया है कि उनके पास कुल 92.4 लाख रुपये की ज्वेलरी है, जबकि उनकी पत्नी आनंदी 1.2 करोड़ रुपये के गहनों की मालकिन हैं।

**किसान परिवार से आते हैं जयंती पटेल**-64 साल के जयंती पटेल मूल रूप से माणसा के अजोल गांव के रहने वाले हैं। जयंती पटेल के पिता सोमा पटेल किसान थे और गांव में ही खेती-बाड़ी कर गुजर-बसर किया करते थे। शुरुआत में जयंती पटेल की आर्थिक हालत कुछ खास नहीं थी। एक वक्त ऐसा भी था जब उन्हें 100 रुपये महीने की दिहाड़ी भी करनी पड़ी थी।

**रोजगार की तलाश में आए थे अहमदाबाद**-जब 100 रुपये की दिहाड़ी में काम नहीं चला तो जयंती पटेल माणसा से अहमदाबाद आ गए। शुरुआत में यहां भी उन्हें 100 रुपये महीने की ही नौकरी मिली। लेकिन उनकी आंखों में बिजनेस का ख्वाब था। शुरुआत लोहे के धंधे से की। फिर जयंती पटेल, धीरे-धीरे और कंस्ट्रक्शन के धंधे में घुस गए। यहीं से उनकी किस्मत पलटी और धीरे-धीरे उनका कारोबार फलने फूलने लगा।कितनी प्रॉपर्टी के मालिक हैं जयंती पटेल जयंती पटेल को बीजेपी माणसा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। जयंती पटेल ने अपने हलफनामे में बताया है कि वे कुल 661.28 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी के मालिक हैं। हलफनामे के मुताबिक जयंती पटेल की सालाना आय 44.22 लाख रुपये है, जबकि उनकी पत्नी आनंदीबेन पटेल की आय 62.7 लाख रुपये है। जयंती पटेल के पास कुल 514 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है, जबकि 147 करोड़ की चल संपत्ति है।

### फिरोजाबाद के अस्पताल में डॉक्टरों ने किया एचआईवी पॉजिटिव महिला को छूने से इन्कार, गई बच्चे की जान



फिरोजाबाद के अस्पताल में डॉक्टरों ने किया एचआईवी पॉजिटिव महिला को छूने से इन्कार, गई बच्चे की जान॥ उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में दाखिल गर्भवती के परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान मरीज को डॉक्टरों ने केवल इस वजह से छूने से इन्कार कर दिया, क्योंकि महिला एचआईवी पॉजिटिव (थी। हालांकि बाद में उच्च अधिकारी के कहने पर डॉक्टरों ने अपना काम किया। लेकिन इस सारी खींचतान में नवजात की मौत हो गई।दरअसल सोमवार (21 नवंबर 2022) को जिले के सरकारी अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में एक गर्भवती महिला डिलीवरी के लिए पहुंची। जब उसका चेकअप किया गया तो रिपोर्ट में एचआईवी पॉजिटिव आया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर और अस्पताल के अन्य स्टाफ उससे दूरी बनाने लगे। न तो कोई उसको किसी तरह की दवा आदि दी और न ही उसका कोई इलाज किया।

**डॉक्टरों के इंकार पर परिजनों ने किया हंगामा**-जब छह घंटे तक उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया तो परिजन परेशान हो गये। परिवार के कुछ लोग डॉक्टरों से उसका डिलीवरी कराने का अनुरोध किया तो वे उसको छूने से भी मना कर दिये। इससे घर वालों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ सीनियर डॉक्टरों के कहने पर उसकी डिलीवरी कराई गई, लेकिन इससे पेट में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। घर वालों का कहना है कि अगर डॉक्टरों ने समय पर डिलीवरी कराई होती तो बच्चे की जान बच जाती।

### राजस्थान में सफल रहेगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा- गुर्जर नेता की धमकी पर बोले सचिन पायलट



**राजस्थान ।** में सचिन पायलट को सीएम नहीं बनाने पर भारत जोड़ो यात्रा को रोकने और उसको आगे नहीं बढ़ने देने की धमकी देने वाले गुर्जर संगठन आरक्षण संघर्ष समिति पर सियासी गर्माहट बढ़ने लगी है। हालांकि सचिन पायलट ने खुद को इससे विवाद से दूर कर लिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पूरी तरह से सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की चाल हो सकती है। पायलट ने कहा, ÷भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले, यात्रा सफल होगी।''

**भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप**-उन्होंने कहा यह भाजपा की साजिश है। बोले, ''भाजपा की कोशिश हो सकती है कि यात्रा में बाधा डाले, या किसी प्रकार की दुर्भावना पैदा करे, लेकिन जनता बहुत उत्साहित है और सब लोग चाहते हैं कि यात्रा आये और यहां से एक नया आगाज होगा.. कांग्रेस पार्टी का भी, चुनावों के लिए भी और प्रदेश की जनता के लिए भी.. तो भाजपा के साथी कितनी भी कोशिश करे.. यात्रा सफल होगी, ऐतिहासिक होगी और लाखों लोग रोज इससे जुड़ेंगे।''दरअसल में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के नेता विजय सिंह बैंसला ने समाज के प्रमुख चेहरा सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाने और कुछ दूसरी मांगों को नहीं मानने पर राहुल गांधी की यात्रा को रोकने की धमकी दी है।

## श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी

# आफताब पूनावाला का पॉलिग्राफ टेस्ट टला

# तबीयत नासाज होने की वजह से लिया गया फैसला



श्रद्धा वालकर मर्डर केस में आरोपी और लिव इन पार्टनर आफताब पूनावाला का नार्को टेस्ट से पहले पॉलीग्राफ टेस्ट होना है। इसके लिए दिल्ली पुलिस ने साकेत कोर्ट में अर्जी दी थी। इस अर्जी पर साकेत कोर्ट ने मंजूरी दे दी थी।

अनुसार, पॉलीग्राफी के लिए कोर्ट से अलग से परमिशन लेनी होती है। पॉलीग्राफी से लेकर ब्रेन मैपिंग, नार्को टेस्ट समेत सब प्रक्रिया में करीब 10 दिन लगेंगे। इसके अलावा दिल्ली पुलिस को महरौली के जंगलों से अब तक जितनी हड्डियां मिली है, और सोमवार को बरामद किए गए जबड़े के हिस्से को जांच के लिए सीएफएसएल भेज दिया गया है। वहीं नार्को टेस्ट में करीब तीन से चार घंटे लगता है। यह जांच पुलिस को लीड देने के लिए होता है।श्रद्धा मर्डर केस मामले में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। अब श्रद्धा वालकर की मौत से पहले की आखिरी चैट सामने आई है। यह चैट मौत से कुछ घंटों पहले की ही है। 18 मई 2022 की शाम श्रद्धा ने अपने दोस्त को मैसेज किया था। श्रद्धा वालकर ने अपने दोस्त को लिखे मैसेज में कहा था कि मेरे पास एक खबर है। श्रद्धा ने इसके बाद एक और मैसेज किया जिसमें उसने लिखा था कि मैं किसी चीज में बहुत बिजी हूं। यह चैट श्रद्धा और आफताब के एक कॉमन दोस्त ने मुंबई में पुलिस को दी है। पुलिस ने इस कॉमन फ्रेंड के बयान भी दर्ज किए हैं।

**18 मई, 2022 को श्रद्धा की हत्या कर दी गई थी**-बता दें, 18 मई 2022 को आफताब पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या कर दी। जिसके बाद उसके शव के 35 टुकड़े किए और फिर तीन हफ्ते तक शव को फ्रिज में रखा। इसके बाद समय-समय पर वह शव के अंगों को विभिन्न हिस्सों में फेंकता रहा।

### र्जर समुदाय में कौन असरदारड़ राजस्थान में राहुल गांधी की यात्रा से पहले सीएम गहलोत-सचिन पायलट का शक्ति प्रदर्शन



**जयपुर।** राजस्थान में राहुल गांधी की यात्रा से पहले सीएम गहलोत-सचिन पायलट का शक्ति प्रदर्शन

भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के कांग्रेस शासित राजस्थान में प्रवेश करने से कुछ दिन पहले राज्य में प्रभावशाली गुर्जर समुदाय के भीतर सत्ता संघर्ष तेज होता दिख रहा है। गुर्जर नेता वड़िजय बैंसला ने खुली चेतावनी दे दी है कड़ि अगर सचड़िन पायलट को सीएम नहीं बनाया गया तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को राजस्ड़थान में प्रवेश नहीं करने दड़िया जाएगा।पंद्रह साल पहले जब गुर्जरों ने राजस्थान में रेलवे पटरियों पर अनुसूचित जनजाति का दर्जा और समुदाय के लिए आरक्षण की मांग के साथ धरना दिया था तो उनके आंदोलन का जोर ऐसा था कि इस आंदोलन ने राज्य में व्यापार और यातायात को हिला कर रख दिया था। उनके आंदोलन ने तत्कालीन वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली भाजपासरकार को बैकफुट पर धकेल दिया था। इस आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में 70 से अधिक प्रदर्शनकारी मारे गए थे।

**गुर्जर समुदाय में छिड़ा सत्ता का संघर्ष**-राजस्थान में 2007-2008 के गुर्जर आंदोलन ने गुर्जर समुदाय की ताकत और प्रदेश में उनके वोट के महत्त्व को उजागर किया था।

### मोरबी हादसा फॉरेंसिक रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, केबल में लगी हुई थी जंग



**अहमदाबाद।** पिछले दिनों गुजरात के मोरबी में स्थित केबल पुल पर बड़ा हादसा हुआ. अब इसकी फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट सामने आई है. दुर्घटना के दिन 30 अक्टूबर को 3,165 टिकट लोगों को सेल किए गए थे. रिपोर्ट के अनुसार, केबल में जंग लगी हुई थी. पुल के लंगर टूट गए थे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एक सरकारी वकील ने जिला अदालत को एक रिपोर्ट पेश की है.

### लुधियाना में नहर में मिली धार्मिक किताब



**लुधियाना।** में नहर में मिली धार्मिक किताब, सिख संगठनों ने लगाया गुटका साहिब की बेअदबी का आरोप, पंजाब पुलिस ने कहा- ऐसा नहीं लगता में मंगलवार को डुगरी पुल के पास एक नहर में गुटका साहिब मिली। मौके पर विभिन्न सिख संगठनों के लोग पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि लुधियाना के एडीसीपी (ष्ठष्टक्क) समीर वर्मा ने कहा, ÷यह बेअदबी का मामला नहीं लगता है।÷ लोगों का कहना है कि यह स्थानीय लोगों को भड़काने और आपसी सौहार्द्र को बिगाड़ने की कुछ असामाजिकतत्वों की साजिश है। सिख संगठनों ने पुलिस से ऐसा करने वालों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है।

**धार्मिक ग्रंथों की 'बेअदबी का मतलब**-बेअदबी का शाब्दिक अर्थ किसी भी धार्मिक प्रतीकों के साथ छेड़छाड़ करना या उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास करना है।

### गुजरात चुनाव में योगेश पटेल को 75 पार होने के बावजूद उम्मीदवार बनाने पर क्यों मजबूर हुई बीजेपी

**अहमदाबाद।**गुजरात में चुनाव प्रचार करते गृहमंत्री अमित शाह बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति का फैसला है कि 75 साल की उम्र से ज्यादा किसी कैंडिडेट को टिकट नहीं दिया जाएगा। ये फार्मूला सारे देश में लागू किया गया है। लेकिन गुजरात में एक नेता इसका अपवाद भी हैं। मंजलपुर सीट से बीजेपी ने 76 साल के नेता को चुनाव मैदान में उतारा है, क्योंकि उनका दूसरा कोई विकल्प नहीं।योगेश पटेल 76 साल के हैं। वो बीजेपी के सबसे उम्रदराज कैंडिडेट हैं। वो 1990 में पहली बार चुनाव मैदान में उतरे थे। उन्होंने पांच चुनाव राओपुरा सीट से जीते। फिर वो मंजलपुर से मैदान में आए। 2012 में ये सीट परिसीमन के बाद बनी थी। मंजलपुर से वो दो चुनाव जीत चुके हैं। इस बार इस सीट से हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि योगेश पटेल का अपना एक जनाधार है। वो जनता के बीच दशकों से मौजूद हैं। उनकी अपनी एक अपील है। वो अपने रुतबे के आधार पर चुनाव जीतते आ रहे हैं और फिर से मैदान में उतरकर अपना दम दिखा रहे हैं।

### क्या इस बार सर्दी तोड़ देगी सारे रिकॉर्ड

देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे भारतवर्ष में मौसम के अलग-अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं. दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में जहां गुलाबी ठंड पड़ रही ही है, वहीं दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है. इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का सिलसिला जारी है, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में न केवल सर्दी बढ़ी है बल्कि शीत लहर भी चल रही हैं. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पूरा उत्तर भारत सर्द हवाओं की जद में रह सकता है.

**तापमान में लगातार गिरावट**-राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की अगर बात करें तो यहां तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है.

### पटना जाकर तेजस्वी यादव से मिले आदित्य ठाकरे, बोल मौजूदा हालात में लोकतंत्र को खतरा

**पटना।**पटना जाकर तेजस्वी यादव से मिले आदित्य ठाकरे, बोले- मौजूदा हालात में लोकतंत्र को खतरा, बचाने को हम कुछ भी करेंगेबिहार की राजधानी पटना में शिव सेना के नेता आदित्य ठाकरे की अगवानी करते राजद नेता तेजस्वी यादव। शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को पटना जाकर राजद नेता व बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। राबड़ी देवी के आवास पर दोनों की काफी देर तक गुफ्तगू हुई। उसके बाद दोनों मीडिया के सामने आए तो बीजेपी पर हमलावर होते दिखे। उनका कहना था कि मौजूदा हालात लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा हैं। हम देश को बचाने के लिए कुछ भी करेंगे।**आदित्य ने कहा, राजनीतिक मुद्दे पर नहीं की**



**बातचीत**-दोनों नेताओं की यह मुलाकात बुधवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और तेजस्वी यादव की मां राबड़ी देवी के आवास पर हुई। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) नेता आदित्य ठाकरे के साथ उनकी पार्टी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी भी मौजूद रहीं। मुलाकात के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा, ÷हम एक-दूसरे के संपर्क में रहे हैं

### बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी,पीएम मोदी ने खोल दिया बंपर भर्तियों का पिटारा

नौकरी की तलाश में हैं तो आज से चिंता छोड़ दीजिए. क्योंकि अब आपकी नौकरी की फिक्र केंद्र की मोदी सरकार ने उठानी शुरू कर दी है. इसके साथ ही एक बड़ी खुशखबरी यह भी है कि केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकारों ने भी बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का ब्लूप्रिंट तैयार किया है. इस क्रम में क्क्रनरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली में आयोजित रोज़गार मेला कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया. प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 71 हज़ार से ज्यादा नव नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए. क्क्रनरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का ये विशाल रोज़गार मेला दिखाता है कि सरकार किस तरह सरकारी नौकरी देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है.



**भारत आज सर्विस निर्यात के मामले में विश्व की एक बड़ी शक्ति**-पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि भारत जैसे युवा देश में हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा, राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आए, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है. भारत आज सर्विस निर्यात के मामले में विश्व की एक बड़ी शक्ति बन गया है. अब एक्सपर्ट भरोसा जता रहे हैं कि भारत विश्व का मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस भी बनेगा. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि देश में अगले 1 साल में पीएम मोदी के द्वारा 10 लाख नौजवानों को रोज़गार के प्रमाण पत्र दिए जाएंगे..सरकार की योजनाओं के तहत सभी सरकारी कंपनियों में, फौज़ में और दूसरी संस्थाओं में रोज़गार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं.

### दिल्ली-एनसी आर में तेजी से गिर रहा पारा, इन राज्यों में शीतलहर के आसार

दिल्ली-एनसीआर समेत समूचे उत्तर भारत में इस समय गुलाबी ठंड पड़ रही है. जबकि देश के कई राज्यों में बारिश की संभावना भी बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर समेत पहाड़ी राज्यों में जारी बर्फबारी की वजह से मैदानी इलाकों में शीत लहर चल रही है. मौसम विभाग ने आने वाले समय में सर्दी में वृद्धि के आसार बताए हैं. हालांकि दिल्ली में ठंड बढ़ने के साथ ही वायु गुणवत्ता का स्तर भी गिरा है.

**मौसम में तेजी से गिरावट आने के आसार**-मौसम विभाग से जुड़ी एजेंसी स्काईमेट के अनुसार राजधानी दिल्ली से सटे राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के तापमान में तेजी के साथ गिरावट देखने को मिलेगी, जिसकी मुख्य वजह पश्चिमी हिमालय से चलने वाली बर्फीली हवाओं का देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भागों की ओर शुरू होना है.

### मजदूर की कमी बताने वाली कंपनियों की संख्या में 28 इजाफा




**नई दिल्ली**-वैश्विक स्तर पर 2021 की तुलना में 2022 में अपनी तिमाही आय फाइलिंग में श्रम की कमी का उल्लेख करने वाली कंपनियों की संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.एक प्रमुख डेटा एनालिटिक्स कंपनी, ग्लोबलडाटा से पता चला है कि यह हाल के वर्षों में इसका रूझान ऊपर की ओर ही रहा है. उच्चतम श्रम की कमी वाले उद्योगों में निर्माण, प्रौद्योगिकी, पैकेजिंग और उपभोक्ता शामिल हैं. विश्लेषक एकता चौरसिया ने कहा, श्रम की कमी के कारण अधिक महंगे अस्थायी श्रम संसाधनों पर निर्भरता बढ़ी है, लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और साथ ही निर्माण में देरी हुई है.यूएस-आधारित प्रौद्योगिकी कंपनी जेंडेस्क ने उल्लेख किया कि श्रम की कमी ने वेतन में वृद्धि में योगदान दिया, जिससे इसके खचरें और परिचालन लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा. कैपेसिटर और सेमीकंडक्टर्स के एक प्रदाता सर्ज कंपोनेंट्स ने चर्चा की कि श्रम की कमी से उत्पाद बनाने में देरी हुई. कंज्यूमर गुड्स कंपनी कॉनग्रा ब्रांड्स ने कहा कि श्रम की कमी के कारण उत्पादन और वितरण सुविधाएं प्रभावित हो रही हैंप

## कमजोर वर्ग एवं वृद्ध माता-पिता को निःशुल्क विधिक सहायता सलाह हेतु सहयोग करें

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वृद्ध माता-पिता हेतु प्रत्येक जोन में निःशुल्क रूप से विधिक सहायता सलाह दिए जाने के सम्बन्ध में महापौर परिषद के सदस्य एवं



जोन अध्यक्षों तथा महिला अधिवक्ताओं के साथ आई.एस.बी.टी स्थित महापौर कार्यालय में बैठक की। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि कमजोर वर्ग एवं वृद्ध माता-पिता को निःशुल्क रूप से विधिक सहायता के लिए महिला अधिवक्ताओं से सलाह लेने हेतु अपने-अपने स्तर पर सहयोग करें और हर संभव उन्हें उचित परामर्श हेतु प्रेरित करें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार साली की मौत, पति-पत्नी घायल

**कटनी।** कटनी से कैमोर तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने झुकेही के पास टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक में सवार युवक की साली की मौत हो गई, जबकि पत्नी को



गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार कटनी में रहने वाले सुरमा कैमोर निवासी सोमवार की रात पत्नी ललिता और साली मंजू विश्वकर्मा को बाइक में लेकर अपने गांव एक तिलक समारोह में शामिल होने निकला था। जैसे ही रात में उनका वाहन झुकेही मोड़ के पास पहुंचा पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और भाग निकला। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों को चोट आई, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने मंजू विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। वहीं ललिता को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है और कमलेश को भी मामूली चोट आई हैं। मंजू कटनी में अपनी बहन के यहां रहकर आईटीआई की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## भय्यू महाराज की सेवादार पलक को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**इंदौर।** भय्यू महाराज को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाली उनकी सेवादार पलक को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। सत्र न्यायालय ने उसके सहित तीन आरोपितों को जनवरी 2022 में छह-



छह वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। तीनों आरोपित फिलहाल जेल में ही हैं। आरोपितों ने हाई कोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई थी, लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली। इस पर आरोपित पलक ने सुप्रीम कोर्ट में अपील प्रस्तुत की थी। कोर्ट ने इसे स्वीकार लिया है। अपील में पलक की तरफ से तर्क रखे गए थे कि उसे छह वर्ष की सजा सुनाई गई है। वह चार वर्षों से जेल में है और उसकी अपील अब भी लंबित है। ऐसी स्थिति में उसे जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्वीकारते हुए पलक को जमानत दे दी। गौरतलब है कि भय्यू महाराज ने 12 जून 2018 को अपनी लायसेंसी रिवाल्वर से कनपट्टी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने घटना के करीब छह माह बाद महाराज के तीन सेवादार विनायक, पलक और शरद को गिरफ्तार किया था। 28 जनवरी 2022 को सत्र न्यायालय ने तीनों आरोपितों को महाराज को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में छह-छह वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

## काम वाली बाई ने घर से उड़ाए 35 लाख रुपये, पुलिस में शिकायत

**जबलपुर।** आदर्श नगर ग्वारीघाट निवासी अमित भसीन पिता सतीष भसीन ने घर में काम करने वाली बाई पर 35 लाख रुपये चोरी करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में थाना गोरखपुर में शिकायत भी दी है। इधर आरोपित कामवाली महिला लक्ष्मी द्विवेदी ने अमित पर पुस्तैनी जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। हालांकि लिखित शिकायत में ग्वारीघाट निवासी अमित भसीन के घर से रुपये लेने की बात स्वीकार्य की है उसने कहा कि उसने रुपये वापस भी कर दिए है।अमित भसीन के अनुसार ग्वारीघाट आदर्श नगर स्थित आवास पर उसने 35 लाख रुपये बैग में रखे हुए थे। घर में अमित और उसकी पत्नी के अलावा काम करने वाली लक्ष्मी द्विवेदी का आना जाना होता था। नौ नवंबर को शाम 3.45 मिनट पर जब अमित ने बैग चेक किया तो रूपये गायब मिले। उसी के बाद शाम 5.15 मिनट पर अमित अपनी पत्नी के साथ लक्ष्मी से पूछताछ करने पहुंचे। लक्ष्मी ने पति कृष्णा द्विवेदी और बेटे के साथ मिलकर रुपये चोरी करने की बात स्वीकार्य कीं। उसने जगह-जगह चुराए पैसे भी घर में छुपाए थे।

# पचमढ़ी में 8.2 और भोपाल में 10.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया

**भोपाल।** उत्तर भारत के पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और वहां से आ रही बर्फीली हवाओं ने मध्य प्रदेश में ठिठुरन बढ़ाई हुई है। सोमवार को न्यूनतम तापमान में एक बार फिर से मामूली वृद्धी हुई है। मध्य प्रदेश में सबसे कम आठ डिग्री सेल्सियस तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बैतूल में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राजधानी में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक



अभी चार-पांच दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश में कहीं-कहीं पारा पांच डिग्री सेल्सियस या उससे भी नीचे जा सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के सभी संभागों के जिलों का मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में काफी मामूली परिवर्तन हुआ है। न्यूनतम तापमान शहडोल, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम, इंदौर एवं भोपाल संभागों के जिलों में सामान्य से काफी कम रहे। शेष संभागों के जिलों में सामान्य से कम रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पिछले तीन दिन से पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू-कश्मीर पर एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हुई है। इससे वहां का न्यूनतम तापमान काफी गिर गया है। वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण राजधानी सहित मध्य प्रदेश के अधिकतर शहरों में न्यूनतम तापमानों में लगातार गिरावट होने लगी है। पश्चिमी विक्षोभ भी उत्तर भारत से आगे बढ़ गया है। हवा का रुख भी उत्तरी बना हुआ है। इस वजह से एक-दो दिन में सर्दी के और जोर पकड़ने के आसार हैं।

# देश में सबसे बेहतर है प्रदेश में निवेशकों को सुविधाएँ देने की नीतिः मुख्यमंत्री चौहान

### मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में उद्योगपतियों आने का दिया निमंत्रण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में निवेशकों को सुविधाएँ देने की नीति देश में सबसे बेहतर है। प्रदेश में निवेशकों को पूरा सहयोग दिया जाएगा। निवेश बढ़ने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश और आत्म-निर्भर भारत का निर्माण हो सकेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने यह बात आज निवास पर उद्योगपतियों से भेंट के दौरान कही। उन्होंने निवेशकों को इंदौर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। भेंट के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा के दौरान मेसर्स एचईजी लिमिटेड मण्डीदीप के प्रमोटर रिजु झुनझुनवाला ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में काम करने का सबसे अच्छा माहौल है। उनकी कंपनी की इकाई ग्रेफाईट एनोड के विनिर्माण के लिए प्रदेश में 1800 करोड़ रूपए का नवीन निवेश करेगी। ग्राम सिरसौदा, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास में इस परियोजना के प्रथम चरण में 800 करोड़ तथा द्वितीय चरण में एक हजार करोड़ का निवेश किया जाएगा। जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 हजार मीट्रिक टन होगी। एक जनवरी 2025 तक प्रथम चरण का उत्पादन शुरू होगा और एक जनवरी 2028 तक परियोजना को पूरा कर लिया जाएगा। इसमें लगभग 400 लोगों को रोजगार मिलेगा। मेसर्स एलम सोलर, नई दिल्ली के सीईओ मनोज अग्रवाल ने बताया कि कम्पनी दो चरणों में 1500 मिलियन यूएस डालर का निवेश करेगी। लगभग 500 एकड़ में स्थापित प्लांट में 400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा और 15 हजार से 20 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

मेसर्स रमणीक पॉवर एण्ड एलॉयज प्रा. लि. बालाघाट के डायरेक्टर निश?चल त्रिवेदी ने बताया कि कम्पनी द्वारा ग्राम सरंडी, तहसील वारासिवनी, जिला बालाघाट में 168 करोड़ रूपए का निवेश प्रस्तावित है। इससे सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें सिलिको एलॉयज का उत्पादन होगा। मेसर्स बुरहानपुर टेक्सटाईल्स लिमिटेड के मेनटोर ओमप्रकाश मित्तल ने बताया कि उनकी कम्पनी द्वारा ग्राम फतेपुर, जिला बुरहानपुर में यार्न, ट्वीस्टेड यार्न, ग्रे-फेब्रिक, आरएफडी फेब्रिक, साड़ी धोती/जॉब वर्क, पैलेट्स उत्पादन पर 297 करोड़ 86 लाख रूपये के निवेश का प्रस्ताव है। इससे 1100 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री चौहान से भेंट करने वालों में मेसर्स एलम सोलर, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, मेसर्स एच.ई.जी. लि. मण्डीदीप के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अंकुर खैतान, ईडी मनीष गुलाटी, मेसर्स रमणीक पॉवर एण्ड पलॉयल प्रा. लि. बालाघाट के हर्ष त्रिवेदी तथा मेसर्स बुरहानपुर टेक्सटाईल्स लि. के डायरेक्टर रवी पोद्दार, कम्पनी सचिव वेदांत मित्तल आदि प्रतिनिधि शामिल थे।

## हरदा शहर को मिलेगी एक और अतिरिक्त आरओबी की सौगात : कृषि मंत्री पटेल



**भोपाल।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा कि हरदा को जल्द ही विभिन्न रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के साथ ही हरदा शहर को एक और अतिरिक्त आरओबी की सौगात मिलेगी। सोमवार को रेलवे संभाग के उप मुख्य अभियंता निगम और लोक निर्माण विभाग हरदा के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मंत्री पटेल ने बताया कि हरदा में विभिन्न स्थानों पर आरओबी निर्माण की स्वीकृतियाँ प्राप्त हो गई हैं। हरदा बायपास रोड, खिरकिया शहर, कमताड़ा-मसनगाँव-सिराली और भिरंगी रेलवे गेट पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने के लिये डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) और टेण्डर प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये गये। मंत्री पटेल ने कहा कि हरदा शहर में नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं। बायपास रोड पर बनने वाले आरओबी के अतिरिक्त हरदावासियों को बेहतर सुविधाएँ देने के लिये हरदा शहर के पास पील्याखाल में आरओबी निर्माण संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। शीघ्र ही रेलवे के इंजीनियर आकर निरीक्षण करेंगे। इसके निर्मित हो जाने से शहरवासियों को यातायात की समस्या से निजात मिल सकेगी। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री सुभाष पाटिल, कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश सेतु विकास निगम संभाग हरदा जावेद शकील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बैतूल में ट्रेन में नमाज पढ़ने को लेकर विवाद में पूर्व सैनिक से मारपीट, दो पर केस दर्ज

**बैतूल।** हजरत निजामुद्दीन से विशाखापट्टनम जाने वाली 12804 स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के एस 4 में सफर कर रहे भूतपूर्व सैनिक के साथ रविवार शाम को पेंट्री कार मैनेजर और अन्य लोगों ने मारपीट कर दी। सूचना मिलने के बाद रात करीब आठ बजे ट्रेन के बैतूल स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और घायल को 108 से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जीआरपी ने



पेंट्री कार मैनेजर और दो कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी चौकी प्रभारी एनएस ठाकुर ने बताया कि एस 4 कोच में सफर कर रहे पूर्व सैनिक विशाखापट्टनम निवासी विलाश नाइक ने पेंट्री कार के मैनेजर और अन्य लोगों ने मारपीट करने की शिकायत की है। नाक और मुंह पर चोट आने के कारण उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घायल विलास नाईक का कहना है कि स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से हजरत निजामुद्दीन से विशाखापटनम जा रहा था ट्रेन में रास्ते में बैठकर कुछ मुस्लिम युवक नमाज पढ़ रहे थे। जिसमें वहां से निकलने में दिक्कत हो रही थी इसी को लेकर मैंने आपत्ति जताई। मैं भी रास्ते में बैठकर प्रार्थना करने लगा तो पेंट्री कार के कर्मचारियों ने मुझे रास्ते से हटाने की कोशिश की इसी के चलते विवाद हो गया।

## सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ायें: राज्यपाल पटेल

### शासन की योजनाओं का गरीबों को प्राथमिकता से दिलायें लाभ



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अनुसूचित जनजाति और आमजन में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ायें। उन्होंने जनजाति के लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक होने और समाज के अन्य वर्गों के युवाओं से जनजातीय वर्ग को इस बीमारी से निजात दिलाने के लिये आवश्यक जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित लोक-कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाना सुनिश्चित करें। गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलायें। किसी भी स्थिति में गरीबों का शोषण नहीं होना चाहिये। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को नरसिंहपुर सर्किट हाऊस में अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल बीमारी से निजात पाने के लिये जरूरी है कि विवाह के पहले युवक-युवती अपने खून की जाँच करायें, यदि दोनों में बीमारी के लक्षण पाये जाते हैं, तो वे विवाह नहीं करें। इससे संतान में इस आनुवांशिक बीमारी के प्रसार को रोका जा सकता है। सभी प्रकार के नशे से दूर रहें। बच्चों को शिक्षा से बेहतर भविष्य बनाने में अपना योगदान दें। सिकिल सेल की जाँच करने वाली एजेंसी की सतत निगरानी की जाये। इस कार्य में आशा कार्यकर्ता को भी जोड़ा जाये। राज्यपाल श्री पटेल ने पेसा एक्ट का लाभ दिलाने पर जोर देते हुए कहा कि इसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने भारिया जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति में शामिल करने पर चर्चा की। श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गरीबों को मिलना सुनिश्चित होना चाहिये। उन्होंने स्वसहायता समूहों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। राज्यपाल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजाति कार्य, कानून-व्यवस्था, वन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की गतिविधियों संबंधी अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।

# तीन घंटे में 700 सफाई कर्मियों ने साफ कर दिया 390 एकड़ इज्तिमा स्थल

**भोपाल।** राजधानी में आयोजित होने वाले चारदिवसीय इज्तिमा का सोमवार को समापन हुआ। इस बार इसका आयोजन जीरो वेस्ट इज्तिमा के रुप में किया गया। वहीं समापन के बाद तीन घंटे में 700 सफाई कर्मचारियों ने 390 एकड़ में फैले इज्तिमा स्थल की सफाई का रिकार्ड बनाया है। 30 डंपर, 25 कंटेनर और 25 मैजिक वाहनो की मदद से 80 टन कचरे की सफाई की गई।



बता दें कि ईंटखेड़ी में 390 एकड़ में 18 से 21 नवंबर तक चार दिनी इज्तिमा का आयोजन हुआ। जिसमें लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। निगम ने इज्तिमे को जीरो वेस्ट बनाने की तैयारी पहले ही कर ली थी। इसके लिए 11 सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों (एएचओ) की टीम तैनात की गई थी। जबकि निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मानीटरिंग कर रहे थे। इज्तिमा स्थल में जीरो वेस्ट प्लानिंग के साथ ही सूखे कचरे की आन द स्पाट प्रोसेसिंग प्लान पर काम किया। इसके लिए यहां आधुनिक मोबाइल वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट लगाई गई थी। इज्तिमा खत्म होने के बाद स्थल को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर सफाई कराई गई। इज्तिमा स्थल, कंट्रोल रूम, कार्यालय, फूड जोन, पंडालों आदि की सफाई दोपहर तीन बजे शुरू हुई और शाम छह बजे पूरा क्षेत्र चकाचक कर दिया गया।

### अमला और संसाधन

- शुरुआती तीन दिन 6 एएचओ और 250 कर्मचारियों की इज्तिमा स्थल पर की गई तैनाती
- हर दिन निकला 12 टन कचरा
- इज्तिमा के आखिरी दिन 13 एएचओ के साथ 700 सफाई कर्मचारियों को लगाया
- 30 डंपर और 25 मैजिक वाहन किए थे तैनात
- 4.5 क्यूबिक मीटर क्षमता के 25 कंटेनरों की व्यवस्था की गई
- आखिरी दिन 80 टन कचरा निकला

### निगम बना चुका है सफाई का रिकार्ड

- 2019 में इज्तिमा स्थल पर 70 एकड़ में लगे मुख्य पंडाल और 250 एकड़ की पार्किंग सहित आसपास की सड़कों की सफाई का रिकार्ड निगम बना चुका है।
- 2019 में रन-भोपाल-रन की रनिंग ट्रैक की सफाई दौड़ खत्म होने के साथ सफाई का रिकार्ड निगम बना चुका है।
- 15 नवंबर 2021 को जंबूरी मैदान में आयोजित जनजातीय महासम्मेलन की खत्म होने के महज दो घंटे के दौरान आयोजन स्थल साफ सुथरा कर दिया गया था।
- 16 अक्टूबर 2022 को लाल परेड मैदान पर आयोजित हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई एवं एमबीबीएस की प्रथम वर्ष की पुस्तकों के विमोचन के लिए आयोजित कार्यक्रम खत्म होने के महज दो घंटे में लाल परेड मैदान, मोतीलाल स्टेडियम, एमवीएम मैदान के साथ ही वीआईपी रोड एवं एरयपोर्ट रोड की रिकार्ड टाइम में सफाई की थी।
- 2019 में इज्तिमा जैसे धार्मिक समागम में लाखों की भीड़ में जीरो वेस्ट इवेंट का वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का दावा पेश किया था।

## फुर्सत के क्षणों में जमकर थिरके दिग्विजय सिंह, नरोत्तम मिश्रा ने ली चुटकी

**भोपाल।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के नए रंग-ढंग भी देखने को मिल रहे हैं। इस यात्रा को सफल बनाने में जी-जान से जुटे 75 वर्षीय दिग्विजय का जोश किसी युवा से कम नहीं है। यात्रा के दौरान फुर्सत के क्षणों में वह कभी क्रिकेट खेलते नजर आते हैं, तो कभी पूरे जोश और उत्साह के साथ थिरकते दिखाई देते हैं। उनका एक वीडियो हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने कुछ साथियों के साथ जमकर नाचते नजर आ रहे हैं। पार्श्व में मधुर संगीत और गाने बज रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता और मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी चुटकी ली है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नरोत्तम ने कहा कि उनका (दिग्विजय) उमंग भरा डांस और खुशी से दमकता चेहरा। आपकी धारदार चाल ऐसी ही बनी रहे। गौरतलब है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा महाराष्ट्र के बाद अब मध्य प्रदेश में प्रवेश करने वाली है। फिलहाल राहुल गांधी



गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे हैं, लिहाजा यात्रा को दो दिन का विश्राम दिया गया है। दिग्विजय का यह वीडियो इन्हीं फुर्सत के पलों का है, जो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक गौरव पांधी ने ट्विटर पर यह वीडियो शेयर करते हुए लिखा- भारत जोड़ो यात्रा के मप्र में प्रवेश करने से पहले दो दिन के विश्राम के दौरान खुद को नवीन ऊर्जा से लबरेज करते हुए कुछ प्रफुल्लित, नाचते-गाते चेहरे। दिग्विजय सिंह जी की तो क्या बात है। इसके जवाब में दिग्विजय सिंह ने लिखा- जब कई दिनों तक हम साथ चल रहे हों तो क्या हमें मौज-मस्ती नही करनी चाहिए।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह की सपाइयों ने जन्म जयंती मनाई




पुष्पांजली टुडे न्यूज

**भिण्ड ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जन्म जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय भिण्ड पर नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव को सादगी पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई। जिलाध्यक्ष नीरज यादव ने नेताजी के आदर्शों से सीख लेकर नेताजी के बताये हुए रास्तों पर चलकर वंचित शोषित पिछ? दलित एवं अग?ों में कमजोर समस्त वर्गों के अंतिम व्यक्ति तक समाजवादी विचारधारा को पहुंचायें, यही हमारी नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी । इस अवसर पर प्रदेश सचिव बीके बौहरे, जिलामहासचिव अशोक डंडोतिया, जिला उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह, युवजन सभा भिण्ड विधानसभा अध्यक्ष विकास यादव किटी, युवजन सभा अटेर विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह तोमर ,निक्की ठाकुर, प्रिंस यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अम्बाह बरबाई पंचायत में हुआ सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**केशब पंडित जी अम्बाह... पोरसा।** बरबाई पंचायत में विधायक कमलेश जाटव के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को ग्राम पंचायत बरबाई में गुधैनिया थोक से तिबारी मौहल्ला तक सीसी रोड लाॅकार्पण निर्माण का भूमिपूजन किया गया। यहां सीसी रोड नहीं होने से बरसात के दिनों में दिक्कतें आती थी। सीसी रोड बनने से बरसात के दिनों में आने-जाने में ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं होगी। शुक्रवार को ग्राम पंचायत बरबाई में लोकार्पण व भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कमलेश जाटब थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के बरिष्ट नेता गजेन्द्र सिह ने की।



विशेष अतिथि के रूप में गजेन्द्र सिह तोमर मण्डल अध्यक्ष कल्ला शर्मा रामप्रकाश उपाध्याय मौजूद थे। विधायक कमलेश ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पानी, सड़क के साथ ही प्राथमिकता के साथ गांवों में सुविधा के लिए शुरू से प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के इस विषम परिस्थितियों के बाद में भी विकास कार्यों को पूरा कराया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामनरेश शर्मा सरपंच बरबाई राजेश पटसारिया रामप्रकाश मरैया राजो उपाध्याय बिक्रम पचौरी प्रदीप परिहार समस्त बरबाई पंचायत के समाज सेबी आदि मौजूद थे।

## सी एम राइड़ स्कूल के विद्द्यार्थी बनाएंगे नशा मुक्त समाज

**भोपाल/विदिशा।** सी एम राइड़ विदिशा के 70 से अधिक विद्यार्थियों ने परिवर्तन नशा मुक्ति क्लब का गठन किया। यह क्लब न केवल अपने स्कूल में किसी भी प्रकार का नशा करने वाले सहपाठियों पर नजर रखेगा वल्कि अपने परिवार समाज और मोहल्ले में भी नशा करने वालों का विरोध कर उन्हें रोकने का प्रयत्न करेगा। विद्यालय में सामाजिक संस्था अजंता ललित कला एवं समाज कल्याण समिति और सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किये गए नशा मुक्ति जागरूकता शिविर में परिवर्तन नशा मुक्ति क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा नशा मुक्ति से प्रेरक चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई एवं समस्त विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने के लिए शपथ भी दिलाई गई तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से मोटिवेशनल वीडियो दिखाए गए।




नशा मुक्ति भारत अभियान के मास्टर ट्रेनर वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि भारत मे 16 करोड़ लोग शराब के नशे से परेशान हैं जिसमे महिलाओं की संख्या अधिक है। देश भर में सामाचार करोड़ बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं जिनकी उम्र 17 वर्ष से कम है। देश मे नशे के शिकार 127 जिलों में मध्य प्रदेश के 9 जिले अधिक प्रभावित हैं। उन्होंने बच्चों को नशा करने के खतरनाक परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने परिवर्तन नशा मुक्ति केंद्र में ठीक हुए पेशेंट इंदर सिंह तंवर ओर दिनेश साहू को भी विद्यार्थियों से मिलवाकर ,उनके अनुभव साझा किये।



इस अवसर पर सीएम राइड़ स्कूल की उप प्राचार्या श्रीमति दीप्ति शुक्ला, सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्रीमति नेहा करकरे और परिवर्तन नशा मुक्ति केंद्र के काउंसलर्स सहित समस्त टीम उपस्थित थी।अंत मे सी एम राइड़ स्कूल की उप प्राचार्य श्रीमति दीप्ति शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त केते हुए कहा की बच्चे नशामुक्ति सन्देश के सच्चे संवाहक सिद्ध होंगे।

## जिला पंचायत सदस्य ने किया आदिवासी छात्रावासों का औचक निरीक्षण, कई कमिया मिली





पुष्पांजली टुडे/रहीश भैया
7869883786
घाटीगांव

**घाटीगांव** तहसील के अंदरर्गत आने वाले आदिवासी छात्रावासों में जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 6 श्रीपत सिह ने औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान कई उन्हें कई कमिया देखने को मिली। जिला पंचायत सदस्य ने सर्वप्रथम शासकीय बालक आश्रम घाटीगांव छात्रावास में बालक एवं बालिकाओं से भोजन एवं अन्य चीजों के बारे में चर्चा की, पढाई के बारें में जानकारी ली तो पता चला कि पांच टीचरों में से मात्र 2 ही आते है टोटल 70 छात्रों में केवल 13 बच्चे उपस्थित मिले, सीनियर बालिका छात्रावास के ग्राउण्ड में घास बहुत ज्यादा मात्रा में खडी है वहीं मीनू के अनुसार खाना नहीं मिलता है इसी क्रम में शासकीय सीनियर छात्रावास एवं शासकीय कन्या आश्रम का भी निरीक्षण किया, वहां पर भी कई प्रकार की कमिया देखने को मिली, वहीं चारों छात्रावासों में साफ सफाई के साथ साथ खाद्य सामग्री भी मापदंड के अनुसार नहीं मिले। जिला पंचायत सदस्य ने 7 दिवस का समय छात्रावास अधीक्षक को दिया है कि 7 दिवस में अगर व्यवस्थाऐं नहीं सुधरी तो बडा धरना देते हुये जिला कलेक्टर को आवेदन के साथ अवगत कराया जाएगा।

## महिला मंडल द्वारा नगर परिषद मोहना शिव मंदिर में चल रही भागवत कथा

दैनिक पुष्पांजली टुडे/रहीश भैया
7869883786



नगर परिषद मोहना में चल रही महिला मंडल द्वारा भागवत कथा के भव्य आयोजन में पंडित संजय शास्त्री रहट वालों द्वारा धुंधली गोकर्ण की कथा का विवरण बहुत ही विस्तार से सुनाया गया जिसमें मुख्य रुप से महिला मंडल की सभी महिलाएं परीक्षित जी अन्य सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रुप से राजेंद्र चौबे छोटू चौबे डॉ महावीर जैन सत्तू ओझा जुगल किशोर गोस्वामी मुन्ना चौबे वीरेंद्र पाल सेक्रेटरी साहब और हिंदू जागरण मंच जिला उपाध्यक्ष परमानंद मिश्रा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी सत्येंद्र धाकड़ कमल सिंह भदोरिया राम लखन सिकरवारमास्टर अशोक धाकड़ बनवारी राठौर रामअवतार नामदेव सोनू चौबे प्रकाश चौबे सैकड़ों की संख्या ग्रामीणों ने भागवत कथा में पहुंचकर भागवत रसपान किया

## खोड भाजपा मंडल की बैठक हुई आयोजित






पुष्पांजलि टुडे। संवाददाता नरेश कुमार सिरवी। पाली राजस्थान

**रानी पाली।** खोड राज्य में कांग्रेस के विफलताओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए खोंड खेतलाजी मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी खोड़ मण्डल के द्वारा कार्यसमिति बैठक की गई मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोकडा के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली जो 1 दिसंबर से 30 दिसंबर तक होने वाली है इस अवसर पर कांग्रेस की विफलताओं को हर बूथ पर और वहां से हर जिले स्तर पर पहुंचा कर लोगों को जागृत करने का कार्य किया जाएगा इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे, इस अवसर पर युवा जो 17 वर्ष के पूर्ण हो रहे हैं उनको मतदाता सूची में जोड़ने का भी कार्य किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष सुमित्रा राजपुरोहित जिला मंत्री जयवर्धन रांकावत मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोकडा पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सीरवी किसान मोर्चा अध्यक्ष जेठाराम सीरवी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौड़ वरिष्ठ किरण सिंह चौहान मालम सिंह मेड़तिया मंडल उपाध्यक्ष नारायण सिंह राव डूंगर दास वैष्णव बूथ अध्यक्ष मोहनलाल चंद्रप्रकाश चेलाराम मीणा कमलेश कुमार महावीर सुथार, मोतीलाल रामचंद्र जयंती लाल मीणा रामलाल प्रजापत कस्तूर मालवीय वरिष्ठ कार्यकर्ता केरा राम युवा मोर्चा महामंत्री घनश्याम सिंह प्रभु पुरी प्रह्लाद सिंह दिनेश सीरवी सूरज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे जन आक्रोश रैली के मंडल प्रमुखों की घोषणा करी संयोजक मालम सिंह सहसंयोजक किरण सिंह, मुकेश सीरवी प्रवास प्रबंधक, जेठाराम सभा रैली प्रमुख, नारायण सिंह वाहन प्रमुख, धनाराम स्वागत प्रमुख, सुरज वैष्णव प्रचार प्रमुख, मघा राम मीडिया प्रमुख, रामचंद्र सोशल मीडिया प्रमुख, बलवंत सिंह निंबाड़ा प्रशासनिक, मदन लाल बुसी, डूंगर दास चिकित्सक, पीराराम देवासी आवास, दुर्गा सीरवी भोजन, मोतीलाल लुहार सुरक्षा, जगदीश सिंह मांडल स्वास्थ्य,क् मोहनलाल कीरवा एडवांस व्यवस्था, श्रवण सिंह राव डॉक्यूमेंट, सुरेंद्र सिंह, गुड्डी देवी, प्रकाश चंद , भोमाराम को जिम्मेदारी दी गई

### खेलना हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है ओपीएस भदौरिया

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में खेलों को दिया महत्व आज भिंड के खिलाड़ी कर रहे हैं नाम रोशन विधायक



पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री ओ. पी. एस. भदौरिया ने कहा कि खेल खिलाना हमें आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है यदि हम खेल का नियमित अध्ययन करें तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं खेल गतिविधियों में शामिल होना हमें बहुत से लोगों को भी सुरक्षित करने में मदद करता है यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है आज दुनिया भर में ओलंपिक क्षेत्रों में हमारे जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों ने अपनी शक्ति का परचम विदेशों में जाकर फहराया है जो कि हमारे भिंड जिले के भी ऊर्जावान खिलाड़ियों ने अन्य खेलों के क्षेत्र में नाम रोशन किया आज प्रदेश स्तरीय खेल का आयोजन भिंड में हो रहा है मैं सभी खिलाड़ियों को विजय के लिए बधाई देता हूं कि वह अच्छे सा अच्छा खेल खेलकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खेलों में चयनित होने का गौरव प्राप्त करें यह उद्गार उन्होंने भिंड शहर के सीएम राइस शासकीय क्रमांक नंबर 2 उत्कृष्ट विद्यालय में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने की।राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि हमारे जीवन में भी खेलों का काफी महत्व है खेल खेलने से हमारे शरीर का शारीरिक विकास होता है और साथ ही खेल खेलने में हमारा मानसिक विकास भी होता है शारीरिक और मानसिक विकास का ही काफी महत्व है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने खेलों के महत्व को अधिक ध्यान दिया है और आज ऊर्जावान खिलाड़ी हर क्षेत्र में आगे आकर सफलता प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के अनुसार हमें खेलों को खेलना अधिक ऊर्जावान बताया है हम अपने व्यक्तित्व और कृतत्व के परिश्रम से खेलों के क्षेत्र में नाम रोशन करें आज जो छात्र छात्राएं अपने खेलों का प्रदर्शन इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के माध्यम से करेंगे वह निश्चित ही सफलता की प्राप्ति और आगे बढ़ती हुई राष्ट्रीय टीमों में भाग लेकर अपने प्रदेश का जिले का और गांव का नाम रोशन करें।राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने सभी खेल में भाग लेने आए छात्र-छात्राएं खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई कि हम अच्छा खेल खेलकर एक भाईचारे का संदेश हर परिवार में जागृत करेंगे और छात्र छात्राओं द्वारा मार्च निकाला गया और उन्होंने झंडे को सलामी दी वहीं राज्यमंत्री भदौरिया ने खेल के शुभारंभ के तहत झंडा वंदन भी किया।आईपीएस अकेडमी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्टभक्त खेल खेल की प्रस्तुति दी गई जिसमें अनेक राज्यों से रीवा,जबलपुर, ग्वालियर,भिण्ड, नर्मदा पुरम तथा अन्य राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन किया यह खेल 26 नवंबर तक आयोजित किये जाएंगे।अतिथियों के सम्मान में जिला शिक्षा अधिकारी हरभजन सिंह तोमर द्वारा स्वागत भाषण पढ़ा गया और नहीं विद्यालय एवं खेल प्रभारियों तथा संभागों से आए प्रभारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर सहायक संचालक अशोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, जिला कलेक्टर सतीश कुमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य श्रीमती ऋष्णकांता तोमर, जनपद अध्यक्ष सरोज बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रविसेन जैन तथा स्वास्थ्य विभाग से लेकर अन्य विभागों के अधिकारी भी मंचासीन रहे।

## कोतवाली पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित आरोपी को पकड़ा



पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट
जिला टीकमगढ़ संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक महोदय टीकमगढ़ प्रशांत खरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ बीडी त्रिपाठी के द्वारा अवैध हथियार लेकर घूमने वाले अपराधियों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था जो आदेश के पालन में थाना प्रभारी थाना कोतवाली टीकमगढ़ निरीक्षक मनीष कुमार के दिशा निर्देशन में उप निरीक्षक रामसेवक झा के साथ हमराही स्टाफ द्वारा मुखबिर की सूचना पर नीमखेरा तिगैला से आरोपी जय सिंह ठाकुर पिता रक्षपाल सिंह ठाकुर उम्र 23 साल निवासी चरपुवा थाना कोतवाली टीकमगढ़ को एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस सहित पकड़ा गया जिस पर धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया

## शिवपुरी कलेक्टर के आदेश पर हाईकोर्ट की टिप्पणी

**ग्वालियर।** यह टिप्पणी मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने की। वे शिवपुरी में आदिम जाति कल्याण विभाग में वरिष्ठ संयोजक रहे राजकुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। दरअसल, शिवपुरी कलेक्टर अक्षय सिंह ने जिला संयोजक आरएस परिहार के ट्रांसफर के बाद सीनियर कर्मचारी के बजाय जूनियर कर्मचारी को प्रभारी जिला संयोजक बना दिया था। इसके खिलाफ राजकुमार ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि शिवपुरी में आदिम जाति कल्याण विभाग में आरएस परिहार जिला संयोजक के पद पर कार्यरत थे।

# फाइव स्टार होटलों में सफाई के नाम पर धोखा

हमारे देश में बहुत पहले यह कहावत प्रचलित थी की जिसने होटल का खाना खाया यानि वह भ्रष्ट हो गया। खाना पीना हमारे स्वास्थय के लिए अत्यंत सावधानी कारक हैं।वैसे भी चीन जापान आदि देशों में पशुपक्षी ,सांप चूहे आदि क्या क्या नहीं कहते हैं। इतनी गन्दगी के बाद भी वहांपर स्वच्छता का ध्यान रखा जाता हैं पर इस जानकारी ने तो बची खुची कलई खोल कर रख दी। अब वहां जाने वाले सावधानीपूर्वक ठहरे।

चीन में होटलों की खुली पोल, फाइव स्टार होटल का स्टाफ जिस गीले कपड़े से टॉइलट सीट साफ करता है, उसी कपड़े से चाय के कप और खाने की प्लेटें साफ करता है।

चीन के फाइव स्टार और लग्जरी होटलों के स्टाफ की करतूत ने महंगे होटलों में खाने-पीने के मामले में सोचने को मजबूर कर दिया है। चीन में एक ब्लॉगर ने सोशल मीडिया पर कई विडियो शेयर कर चीन के महंगे फाइव स्टार होटलों की पोल खोल दी है। इस विडियो में दिखाया गया है कि एक फाइव स्टार होटल का स्टाफ जिस गीले कपड़े से टॉइलट सीट साफ करता है, उसी कपड़े से चाय के कपऔर खाने की प्लेटें साफ करता है।

जाने-माने ब्लॉगर हुआजोंग ने चीन के शांग्रीला, रिट्ज कार्लटन, वाल्डोर्फ ऑस्टोरिया और ल रॉयल मेरिडियन जैसे कई बड़े फाइव स्टार होटलों के विडियो जारी कर इस करतूत का पर्दाफाश किया है। हुआजोंग का दावा है कि उन्होंने 147 फाइव स्टार होटलों में 2000 से ज्यादा रातें बिताईं और इन कारनामों को अपनी आंखों से देखा। इससे साफ हुआ कि बड़ी-बड़ी चेन वाले होटलों में भी साफ-सफाई एक बड़ी समस्या है और इस संबंध में ग्राहकों से झूठ बोला जाता है।

उन्होंने अलग-अलग होटलों में सीक्रेट कैमरा लगाकर सारी रिकॉर्डिंग की थी। हिल्टन होटल ऐंड रिजॉर्ट में रिकॉर्ड किए गए विडियो में दिखाया गया कि एक महिला सफाईकर्मी एक गंदे कपड़े से बाथरूम का शीशा, बेसिन, टॉइलट सीट साफ करती है। दूसरा कर्मचारी गंदे कपड़े से चाय के मग साफ करता नजर आता है। हयात होटल में एक महिला कर्मी अपने एप्रेन से कप को सुखाती है। शेरटॉन होटल में सफाईकर्मी जिस कपड़े से टॉइलट शीट साफ करता है, उसी कपड़े से कप साफ करता नजर आता है। शंघाई के बुलगारी होटल में एक रात बिताने का किराया करीब 45 हजार रुपये है। इस होटल में सफाईकर्मी कूड़ेदान से प्लास्टिक कप का ढक्कन उठाकर अपनी टीशर्ट से पोंछता हुआ नजर आ रहा है।

बहरहाल, विडियो सामने आने के बाद इन तमाम होटलों ने ग्राहकों से माफी मांगी है और जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। वहीं चीन के पर्यटन निगम ने भी जांच कराने की बात कही है। बता दें कि ब्लॉगर हुआजोंग चीन के बहुत बड़े व्हिसल ब्लोअर हैं और पहले भी ऐसे विडियो लाकर करप्शन का पर्दाफाश कर चुके हैं।

यह बात भारत में सही लागु होती हैं की आप स्वयं अपना काम करो और सुंदरता के पीछे कितनी कुरूपता छुपी हैं इसका निर्णय आप स्वयं करे। जैसे पिछले दिनों होटल ,टेंट हाउस और हॉस्पिटल के कपडे कितने गंदे पानी में छोये जाते हैं जो बीमारियों का कारण हैं। इसी प्रकार केटर द्वारा तैयार भोजन कितना अशुद्धता से बनता हैं इस पर भी ध्यान देना चाहिए ,इन बातों को जरूर दकियानूसी कह सकते हैं पर ये सब बातें यथार्थ हैं। जानबूझकर किया गया अपराध प्रज्ञापराध माना जाता हैं। जानकारी देने का काम हैं ----करो, समझो यह उपयोगकर्ता पर निर्भर हैं।

# भारतीय रेल और समस्याओं का अंबार

भारतीय रेल नेटवर्क विश्व के पांच सबसे बड़े रेल नेटवर्क में चौथे नंबर पर गिना जाता है। अमेरिका,चीन और रूस के बाद भारतीय रेल नेटवर्क का स्थान है जबकि पांचवें स्थान कनाडा रेल व्यवस्था का है। इन देशों की ही तरह भारतीय रेल व्यवस्था भी आधुनिकीकरण ,विकास व बदलाव के मार्ग पर पर तेज़ रफ़्तार से दौड़ रही है। नई नई तीव्रगामी रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। यहाँ तक कि सबसे तेज़ रफ़्तार समझी जाने वाली बुलेट ट्रेन (हाई स्पीड ) रेल परियोजना पर भी काम चल रहा है। भारतीय रेल पूरे देश के मीटर गेज नेटवर्क को ब्रॉडगेज में बदलने और ब्रॉड गेज नेटवर्क के शत प्रतिशत विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी बहुत तेज़ी से काम कर रहा है। रेलवे मंत्रालय की मानें तो अब तक 82 प्रतिशत रेल मार्ग के विद्द्युतीकरण का काम पूरा भी हो लिया है। निश्चित रूप से रेल के विद्युतीकृत होने से जहाँ पर्यावरण को लाभ होगा वहीं डीज़ल पर निर्भरता भी कम होगी। साथ साथ रेल की शक्ति व गति में भी इज़ाफ़ा होगा। रेलवे लाइंस को फाटक रहित बनाने की दिशा में भी बहुत तेज़ी से काम हुआ है। देश भर में हज़ारों अंडर पास बनाये जा चुके हैं और बनाये जा रहे हैं। मुसाफ़िरों के बढ़ती संख्या के चलते ट्रेन्स की बढ़ती लंबाई के मद्देनज़र सैकड़ों स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है। यात्री रेल नेटवर्क के अतिरिक्त छ्ब्र्ष्ट्ढुरु डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड हज़ारों करोड़ की लागत से मालगाड़ियों के लिए समर्पित एक रेल गलियारा निर्माण की महत्वकांक्षी परियोजना पर भी तेज़ी से काम कर रहा है। हालांकि गत दिनों भारतीय रेल ने 'अनिवार्यता' होने पर इस विशेष ट्रैक पर अपनी यात्री गाड़ियाँ यदि चलाने की अनुमति तो ज़रूर ले ली है परन्तु मुख्यतः इस पर केवल मालगाड़ियों का ही संचालन किया जाएगा।

परन्तु जहां भारतीय रेल आधुनिकीकरण, विकास तथा विस्तार के क्षेत्र में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है वहीं भारतीय रेल अनेक प्रकार की समस्याओं से भी जूझ रहा है। ट्रेन व यात्रियों की सुरक्षा रेल व्यवस्था से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या है। इस समय देश में चार अलग अलग मार्ग पर चार वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं। 200 किलोमीटर प्रति घंटा दौड़ने की क्षमता रखने वाली वंदे भारत की अधिकतम गति सीमा 130 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गयी है। रेलवे की योजना अनुसार अमृत महोत्सव वर्ष के दौरान शताब्दी से भी आधुनिक व तेज़ रफ़्तार समझी जाने वाली कुल 75 वंदे भारत ट्रेनें पूरे देश में विभिन्न




रेल मार्गों पर चलाई जानी हैं। परन्तु पिछले दिनों मात्र सवा महीने के दौरान वंदे भारत ट्रेन चार हादसों का शिकार हुई। कहीं वंदेभारत गाय से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई तो कहीं भैंस के झुण्ड से टकराई। कहीं इससे टकराकर किसी महिला की मौत हो गयी तो कहीं इसके पहिये जाम हो गए। इन दुर्घटनाओं ने जहां रेल ट्रैक की सुरक्षा पर सवाल खड़े किये वहीं वंदे भारत की तकनीकी त्रुटि भी सामने आई। यहाँ यह जानना भी ज़रूरी है कि यह हादसे चूँकि नवचलित व तीव्र गामी (सेमी हाई स्पीड ) ट्रेन वंदे भारत जैसी वी आई पी ट्रेन के साथ हुये इसलिये ख़बरों की सुर्ख़ियां बने और चर्चा में आये। जैसे राजधानी व शताब्दी ट्रेन्स से जुड़ी कोई ख़बर सुर्ख़ियां बन जाया करती हैं। अन्यथा कोई दिन ऐसा नहीं होता जबकि दूसरी यात्री या मालगाड़ियों से टकराकर कोई न कोई पशु या इंसान अपनी जान न गंवाता हो। यह तो वैज्ञानिकों की दूर दृष्टि की तारीफ़ करनी पड़ेगी कि उन्होंने रेल इंजन की डिज़ाइन इतनी भारी भरकम तथा इसका बंपर इस प्रकार निर्मित किया है कि ट्रेन अपने सामने आने वाली किसी भी चीज़ को रौंदती या किनारे फेंकती हुई आगे बढ़ जाती है। यहाँ तक कि झारखंड,केरला,तमिलनाडु व असम आदि राज्यों से तो कई बार हाथी के भी ट्रेन से टकराकर मरने की ख़बरें आ चुकी हैं।

इन हादसों का एकमात्र कारण यही है कि देश का लगभग पूरा रेल मार्ग खुला रेल मार्ग है जिनपर पशुओं से लेकर इंसानों तक का आना जाना या इसे पार करना आसान हो जाता है। इसी वजह से देश में कई बार अपराधियों व शरारती तत्वों द्वारा रेल लाइन पर तोड़ फोड़ की कार्रवाई भी की जाती रही है। अब शायद वन्दे भारत के हादसों के बाद रेल विभाग की नींद खुली है। तभी रेलवे ने ट्रेनों से पशुओं के टकराने की घटना को रोकने के लिये एक मास्टरप्लान तैय्यार किया है। ख़बरों के अनुसार रेल मंत्रालय ने एक विशेष प्रकार की बाउंड्री वॉल की नई डिज़ाइन को अनुमति दी है। नई बाउंड्रीवाल अगले 5-6 महीनों में कुछ विशेष रेल मार्गों पर पटरियों के किनारे लगाई जाने का प्रस्ताव है । प्रारंभिक चरण में एक हज़ार किलोमीटर रेलवे ट्रैक्स पर दोनों तरफ़ से सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। जिन रेल मार्गों को बाउंड्रीवाल के निर्माण हेतु चिन्हित किया गया है उनमें उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के झांसी मंडल (वीरांगना लक्ष्मीबाई-ग्वालियर खंड), प्रयागराज मंडल (पंडित दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज खंड), मुरादाबाद मंडल (आलम नगर से शाहजहाँपुर), और लखनऊ मंडल (आलम नगर से लखनऊ) शामिल हैं। ज़ाहिर है देश के लगभग 68,000 किलोमीटर के रेल रुट पर बिछी लगभग 1 लाख बीस हज़ार किलोमीटर रेल लाइन को चहारदीवारी से घेर पाना यदि असंभव नहीं तो मुश्किल काम ज़रूर है। परन्तु यदि भारतीय रेल तीव्रगामी और लंबी व सुरक्षित रेल यात्रा देने जा रही है तो रेल व इसके यात्रियों की चक चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करना भी इसकी पहली ज़िम्मेदारी होनी चाहिये।

हमें चीन, अमेरिका, और रूस जैसे देशों से यह भी सीखना चाहिये कि वहां ट्रेनें सुरक्षित कैसे चलती हैं। क्या हमारे देश की तरह इन देशों में भी आवारा व लावारिस जानवर इसी तरह सड़कों व रेल लाइनों के किनारे घूमते रहते हैं ? क्या इन देशों के लोग भी हमारे देश के लोगों की तरह रेल ट्रैक पर शौच करते,रेल ट्रैक को लापरवाही से पार करते,रेल ट्रैक पर तोड़ फोड़ करते,मरे जानवर व दुनिया भर का कबाड़ रेल लाइनों पर फेंकते नज़र आते हैं ? जो रेल देश की जीवन रेखा हो और रोज़ लाखों लोगों को उनकी मंज़िल तक लाती ले जाती हो उस रेल के प्रति जितनी %बर्बरता% भारत में बरती जाती है उतनी कहीं नहीं बरती जाती। फाटक विहीन रेल मार्ग देने की दिशा में भी जो काम हो रहा है वह भी ज़्यादातर जगहों पर तमाशा साबित हो रहा है। देश के सैकड़ों रेल अंडर पास पानी से भर जाते हैं। इसमें डूबने से भी लोग मर चुके हैं। जबकि अंडर पास में जमा पानी को निकालने का भी डिज़ाइन किया जाता है। परन्तु बारिश में यह सब व्यवस्था फ़ेल हो जाती है। गत दिनों अंबाला शहर में तो स्थानीय विधायक ने केवल अपना जन्मदिन मनाने के चलते एक ऐसे अंडर पास का उद्घाटन कर दिया जो न तो उस समय खोले जाने लायक़ था न आज है। बिना बारिश के ज़मीन से निकल रहा पानी कीचड़ रोका नहीं जा पा रहा तो सोचा जा सकता है कि बारिश में इसका क्या हाल होगा।

भारतीय रेल के सुगम व सुरक्षित सञ्चालन के लिये यह सभी समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। इनके अतिरिक्त भी तमाम समस्यायें ऐसे हैं जिन्हें देखकर कहा जा सकता है कि बावजूद इसके कि भारतीय रेल विश्वस्तरीय रेल नेटवर्क की दिशा में आगे तो ज़रूर बढ़ रहा है परन्तु इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भारतीय रेल के समक्ष समस्याओं का भी अंबार है।

## अहिंसा का स्वरूप

सामान्यतः अहिंसा को निषेधार्थक माना जाता है। 'न हिंसा -अहिंसा'- हिंसा का अभाव अहिंसा है, यह इसकी एकांगी परिभाषा है। इसको सर्वांगीण रूप से परिभाषित करने के लिए इसके विधेयार्थ और निषेधार्थ दोनों को समझना जरूरी है। किसी प्राणी के प्राणों का वियोजन नहीं करना, इस सूत्र का हिंसा के संदर्भ में जितना मूल्य है, उससे भी अधिक मूल्य है किसी भी प्राणी के प्रति अनिष्ट चिंतन के बहिष्कार का।

असत् विचार हिंसा है। असत् वचन सा है। जितना कुछ झूठ बोला जाता है, वह हिंसा की प्रेरणा से ही बोला जाता है। असत् चिंतन और असत् वाणी की तरह असत् व्यवहार मात्र हिंसा है, चाहे वह किसी के भी प्रति हो। मनुष्य की प्रवृत्ति सत् और असत् दोनों प्रकार की होती है। जिस प्रवृत्ति के साथ असत् शब्द का योग हो जाता है, वह हिंसा-संवलित ही होती है।

दूसरों के प्रति द्वेष की भावना, ईर्ष्या, उन्हें गिराने का मनोभाव और उनकी बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को रोकने के सारे प्रयत्न हिंसा में अंतर्गर्भित हैं। दूसरों के मन में भय उत्पन्न करना, उनके सामने दुखद परिस्थितियां उभार देने, उनके विकास के मार्ग में बाधा पहुंचाना आदि प्रवृत्तियां भी हिंसा की परिधि में समाविष्ट हैं। इन प्रवृत्तियों का सर्वथा निरोध अहिंसा का आदर्श है। यह अहिंसा का नेगेटिव पक्ष है। अपने पॉजिटिव पक्ष में अहिंसा समता, मैत्री, संयम आदि उदात्त वृत्तियों से अनुबंधित है। यहां अहिंसा का वाच्यार्थ न मारने तक की सीमा में आबद्ध नहीं है। जहां यह प्रतिबद्धता जुड़ जाती है, अहिंसा का व्यापक अर्थ एक छोटे-से संदर्भ में समा जाता है। समता का धरातल असीम है।

# भारत भूमि सुजलाम, सुफलाम रही: मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक डां मोहन भागवत संघ की दृष्टि से महाकौशल प्रांत के जबलपुर का प्रवास काफी मायनों में अहम रहा। जहां उन्होंने संघ कार्य में लगे स्वयं सेवकों से भेंट की। संचालित संघ कार्यों को देखा। वहां संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक कार्यों, प्रकल्पों तथा नूतन प्रयोगों की जानकारी ली। साथ ही राष्ट्र और समाज सेवा में प्रतिबद्ध जनों से जन संवाद कर उनके अनुभवों का लाभ लिया। इसी क्रम में सर संघचालक डां मोहन भागवत ने शनिवार को मानव भवन, जबलपुर में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को संबोधित किया। जो निहायत सारगर्भित, मौलिक और समयानुकुल रही। उल्लेखित सर संघचालक ने अपने विचारों में कहा कि, समाज में संगठन खड़ा नहीं करना है। संपूर्ण समाज को संगठित करना है। आप एक समूह में नहीं चल सकते यह आवश्यक नहीं लेकिन भारत राष्ट्र की कल्पना पश्चिम की कल्पना से अलग है। भारत भाषा, व्यापारिक हित, सत्ता, राजनैतिक विचार आदि के आधार पर एक राष्ट्र नहीं बना। भारत भूमि सुजलाम, सुफलाम रही है। भारत विविधता में एकता और वसुधैव कुटुम्बकम के तत्व दर्शन और व्यवहार के आधार पर एक राष्ट्र बना है।

उन्होंने कहा कि भाषा पूजा पद्धति के आधार पर समाज नहीं बनता। समान उद्देश्य पर चलने वाले एक समाज का निर्माण करते हैं। भारत का दर्शन ऐसा है कि किसी ने कितना कमाया उसकी प्रतिष्ठा नहीं है। इतना बांटा उसकी प्रतिष्ठा रही है। अपने मोक्ष और जगत के कल्याण के लिए जीना यह अपने समाज का दर्शन रहा है। इसी दर्शन के आधार पर अपना राष्ट्र बना है। डां भागवत ने कहा कि विविधताओं की स्वीकार्यता है। विविधताओं का स्वागत है। लेकिन विविधता को भेद का आधार नहीं बनाना है। सब अपने हैं। भेदभाव ऊंच-नीच अपने जीवन दर्शन के




विपरित है। हमारा व्यवहार, मन, कर्म, वचन से सद्भावना पूर्ण होना चाहिए। हमारे घर में काम करके अपना जीवन यापन करने वाले, श्रम करने वाले भी अपने सद्भाव के अधिकारी हैं। उनके सुख दुख की चिंता भी हमें करनी चाहिए।

आगे कहा, प्रकृति से इतना कुछ लेते हैं तो वृक्षारोपण, जल संरक्षण करना ही चाहिए। नागरिक अनुशासन का पालन करना चाहिए। अपने कर्तव्य पालन को ही धर्म कहा गया है। धर्म यानी पूजा पद्धति नहीं है। डां भागवत ने कहा कि इस तत्व दर्शन के आधार पर जीते हुए ज्ञान, विज्ञान, शक्ति, समृद्धि की वृद्धि करने का रास्ता अपने ऋषियों ने दिखाया है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की बात सभी तरह के संतुलन की बात हमारी संस्कृति है। सब को अपनाने वाला दर्शन ही हिंदुत्व है। संविधान की प्रस्तावना भी हिंदू की ही मूल भावना है। वस्तुतः डां मोहन भागवत का व्यक्तव मातृभूमि समर्पण, राष्ट्रवाद, सामाजिक समरसता, संगठनशीलता, जनसरोकार, सर्व धर्म समभाव, स्वाभिमान, जीवन दर्शन और हिंदुत्व एक जीवन पद्धति समेत विभिन्न पहलुओं को भारतीयता पूर्ण समेटा हुआ था। प्रासंगिक संघ, सर संघचालक के दूरदर्शी मंतव्य राष्ट्र के वैभव, बलिदानियों का ध्येय, प्रकृति संरक्षण व संवर्धन और नवाचार के निहितार्थ सार्थक रहेगा।

# तेजी से बढ़ती आबादी के खतरे भी बड़े

यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) के मुताबिक दुनिया की आबादी आठ अरब हो गई है, जिसे सात से आठ अरब होने में केवल 12 वर्ष का समय लगा है जबकि दुनिया की आबादी को 1 से 2 अरब होने में 100 साल से भी ज्यादा लगे थे। हालांकि दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ने को संयुक्त राष्ट्र मानवता की उपलब्धियों के प्रमाण के रूप में देख रहा है और यह सही भी है कि इसमें सबसे बड़ा योगदान शिक्षा तक पहुंच का विस्तार, स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति, लैंगिक असमानता में कमी इत्यादि कारकों का है लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए बढ़ती आबादी के खतरे भी कम नहीं हैं। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आबादी एक अरब बढ़ने में भारत की हिस्सेदारी 17.7 करोड़ और चीन की 7.3 करोड़ रही यानी आबादी के बढ़ते ग्राफ के मामले में भारत चीन से बहुत निकल गया है तथा अगले साल तक भारत की आबादी चीन से भी ज्यादा हो जाएगी यानी भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जएगा। विश्व की कुल आबादी में से करीब 18 फीसद लोग अब भारत में रहते हैं और दुनिया के हर 6 नागरिकों में से एक से ज्यादा भारतीय है। अगर भारत में जनसंख्या की सघनता का स्वरूप देखें तो जहां 1991 में देश में जनसंख्या की सघनता 77 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर थी, 2001 में बढ़कर वह 267 और 2011 में 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गई।

भारत में बढ़ती आबादी के बढ़ते खतरों को इसी से बखूबी समझा जा सकता है कि दुनिया की कुल आबादी का करीब छठा हिस्सा विश्व के महज ढ़ाई फीसदी भूभाग पर ही रहने को अभिशप्त है। जाहिर है कि किसी भी देश की जनसंख्या तेज गति से बढ़ेगी तो वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी उसी के अनुरूप बढ़ता जाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो आज दुनियाभर में करीब एक अरब लोग भुखमरी के शिकार हैं और अगर वैश्विक आबादी बढ़ती रही तो भुखमरी की समस्या बहुत बड़ी वैश्विक समस्या बन जाएगी, जिससे निपटना इतना आसान नहीं होगा। बढ़ती आबादी के कारण ही दुनियाभर में तेल, प्राकृतिक गैसों, कोयला इत्यादि ऊर्जा के संसाधनों पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। जिस अनुपात में भारत में आबादी बढ़ रही है, उस अनुपात में उसके लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य, चिकित्सा इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। आर्थिक असमानता की बढ़ती खाई भी बढ़ती आबादी के इस दौर में बड़ी चुनौती बनकर उभरकर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस का भी इस संबंध में मानना है कि यदि दुनिया धनाढ़यों और वंचितों के बीच की खाई को खत्म नहीं करेगी तो यह आबादी, तनाव, संकट और संघर्षों से भरी रहेगी।

इस समय चीन की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.426 अरब है और उसके बाद भारत की आबादी 1.412 अरब है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि 2050 तक भारत की आबादी 1.668 अरब हो जाएगी जबकि चीन की आबादी उस समय 1.317 अरब रहने का अनुमान है। हालांकि हम इस बात पर थोड़ा संतोष व्यक्त कर सकते हैं कि जनसंख्या वृद्धि दर के वर्तमान आंकड़ों की देश की आजादी के बाद के शुरूआती दो दशकों से तुलना करें तो 1970 के दशक से जनसंख्या वृद्धि दर में निरन्तर गिरावट दर्ज की गई है लेकिन यह गिरावट दर काफी धीमी रही है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हुई है। वर्ष 1971-81 के मध्य वार्षिक वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत थी, जो 2011-16 में घटकर 1.3 प्रतिशत रह गई। जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार को नियंत्रित रखने के लिए औसत प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और कुछ समय पूर्व राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला था कि देश में यह दर 2.2 से घटकर 2 हो गई है तथा राहत की बात यह भी है कि मुस्लिम समुदाय में भी औसत प्रजनन दर तेज गिरावट के साथ 2.36 हो गई है।

पिछले कुछ दशकों में देश में शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में निरन्तर सुधार हुआ है, उसी का असर माना जा सकता है कि धीरे-धीरे जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आई है लेकिन यह इतनी भी नहीं है, जिस पर जश्न मनाया जा सके। बेरोजगारी और गरीबी ऐसी समस्याएं हैं, जिनके कारण भ्रष्टाचार, चोरी, अनैतिकता, अराजकता और आतंकवाद जैसे अपराध पनपते हैं और जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किए बिना इन समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। विगत दशकों में यातायात, चिकित्सा, आवास इत्यादि सुविधाओं में व्यापक सुधार हुए हैं लेकिन तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ये सभी सुविधाएं भी बहुत कम पड़ रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान स्थिति की भयावहता के मद्देनजर पर्यावरण विशेषज्ञों की इस चेतावनी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि यदि जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार में अपेक्षित कमी लाने में सफलता नहीं मिली तो निकट भविष्य में एक दिन ऐसा आएगा, जब रहने के लिए धरती कम पड़ जाएगी और बढ़ती आबादी जरूरी संसाधनों को निगल जाएगी। विश्वभर में अभी भी डेढ़ अरब से ज्यादा लोग ढ़लानों पर, दलदल के करीब, जंगलों में तथा ज्वालामुखी के क्षेत्रों जैसी खतरनाक जगहों पर रह रहे हैं।

जहां तक प्रति हजार पुरूषों पर महिलाओं की संख्या का सवाल है तो यह भी कम चिन्ता का विषय नहीं है कि जनसंख्या वृद्धि दर घटते जाने के साथ-साथ प्रति हजार पुरूषों पर महिलाओं की संख्या भी घट रही है। निसंदेह यह सब पुत्र की चाहत में कन्या भ्रूणों को आधुनिक मशीनों के जरिये गर्भ में ही नष्ट किए जाने का ही दुष्परिणाम है। जनसंख्या वृद्धि में अपेक्षित कमी लाने के साथ-साथ जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों में इस बात का ध्यान रखे जाने की भी नितांत आवश्यकता है कि पुरूष और महिलाओं की संख्या का अनुपात किसी भी सूरत में न बिगड़ने पाए क्योंकि यदि यह अनुपात इसी कदर गड़बड़ाता रहा तो आने वाले समय में इसके कितने घातक परिणाम सामने आएंगे, उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

बढ़ती आबादी का सर्वाधिक चिंतनीय पहलू यह है कि इसका सीधा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों से जितनी भी आमदनी हो रही है, वह किसी भी तरह पूरी नहीं पड़ रही, दशकों से यही स्थिति बनी है और इसे लाख प्रयासों के बावजूद सुधारा नहीं जा पा रहा। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक सन् 2050 तक विश्व की दो तिहाई आबादी नगरों में रहने लगेगी और तब ऊर्जा, पानी तथा आवास की मांग और बढ़ेगी जबकि बहुत से पर्यावरणविदों का मानना है कि सन् 2025 तक ही विश्व की एक तिहाई आबादी समुद्रों के तटीय इलाकों में रहने को विवश हो जाएगी और इतनी जगह भी नहीं बचेगी कि लोग सुरक्षित भूमि पर घर बना सकें। इससे तटीय वातावरण तो प्रदूषित होगा ही, पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ जाएगा। बहरहाल, भारत में जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण पाने के लिए हमें कुछ कठोर और कारगर कदम उठाते हुए ठोस जनसंख्या नियंत्रण नीति पर अमल करने हेतु कृतसंकल्प होना होगा ताकि कम से कम हमारी भावी पीढ़ियां तो जनसंख्या विस्फोट के विनाशकारी दुष्परिणामों भुगतने से बच सकें।

## भाग्योदय के लिए करें सुपारी के ये ज्योतिषीय उपाय, जीवन में सुख- समृद्धि आने की है मान्यता



भाग्योदय के लिए करें सुपारी के ये ज्योतिषीय उपाय, जीवन में सुख-समृद्धि आने की है मान्यता ्हिंदू धर्म में जब भी कोई धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम किया जाता है जो सुपारी का प्रयोग किया जाता है। दरअसल शास्त्रों के अनुसार गणेशजी का प्रतीक स्वरूप सुपारी को भी माना जाता है। इसलिए जब पूजा की सुपारी पर जनेऊ चढ़ाकर जब पूजा जाता है तो यह अखंडित सुपारी गौरी गणेश का रूप बन जाती है। वहीं मान्यता है कि विघ्नहर्ता भगवान गणेश को सुपारी अत्यंत प्रिय है। लेकिन क्या आपको पता है ज्योतिष में सुपारी से संबंधित कुछ खास उपाय भी बताए गए हैं, जिनको करने से जीवन में सुख- समृद्धि आने की मान्यता है। आइए जानते हैंअगर आप आर्थिक रूप से परेशान हैं और जीवन में धन का अभाव हो गया है। तो आप पूजा-पाठ में उपयोग की गई सुपारी को पूजा हो जाने के बाद कलावा से बांधकर अपने घर के धन स्थान पर रख दें। ऐसा करने से धन में वृद्धि होने की मान्यता है। साथ ही मां लक्ष्मी की कृपा आपको प्राप्त हो सकती है। साथ ही आपको आर्थिक समस्याओं से निजात मिल सकती है।अगर आपको नौकरी या व्यापार में तरक्की नहीं मिल पा रही है तो आप शनिवार के दिन सूर्यास्त के बाद पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाएं। इसके बाद वहां 1 रुपये का सिक्का और एक सुपारी रख दें और अपनी मनोकामना को मन में बोल दें। वहीं फिर अगले दिन पीपल के पेड़ का एक पत्ता लेकर इसमें उस सुपारी और सिक्के को बांधकर अपने धन स्थान पर रख दें। ऐसा करने से आपकी तरक्की के योग जल्दी बनेंगेदादी, पिता और दो बहनेंज पालम में अपने ही परिवार के 4 लोगों की चाकू मारकर हत्या, दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी नशेड़ी भाईअगर आपका कोई सरकारी काम या योजना सफल नहीं हो पा रही हो तो आप मंगलवार के दिन एक पान के पत्ते पर देसी घी में लाल सिन्दूर मिलाकर स्वस्तिक बनाएं, इसके बाद कलावे में लपेटी हुई सुपारी पत्ते पर रखें। वहीं बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजाकर 4 बेसन के लड्डू चढ़ाएं।

# 15 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर आएगी तापसी पन्नू की दोबारा



अभिनेत्री तापसी पन्नू की थ्रिलर फिल्म दोबारा बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को जुटाने में असफल रही थी। अनुराग कश्यप के निर्देशन की यह फिल्म 19 अगस्त को सिनेमाघरों में आई थी। आज फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 15 अक्टूबर को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। मेकर्स तो यही उम्मीद लगाए बैठे होंगे कि फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म के दर्शकों का प्यार मिलेगा। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर दोबारा की ओटीटी रिलीज डेट घोषित की है। नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, समय की यात्रा की संभावना के साथ तूफानी मौसम देखिए। तापसी ने साइंस फिक्शन थ्रिलर दोबारा में अपने अतीत, वर्तमान और भविष्य के रहस्यों को सुलझाया है। फिल्म 15 अक्टूबर को केवल नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। थिएट्रिकल रिलीज के डेढ़ महीने बाद फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। संभवतः सिनेमाघरों में फिल्म के खराब प्रदर्शन के कारण ही इसे जल्दी नेटफ्लिक्स पर रिलीज करने का विचार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अब तक भारत में मात्र 5.35 करोड़ रुपये ही कमाए हैं। पहले दिन फिल्म केवल 0.72 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर पाई थी। ओपनिंग वीकेंड आते-आते फिल्म ने अपने खाते में 2.98 करोड़ रुपये जोड़े थे। इस प्रकार यह फिल्म सिनेमाघरों में पैसा वसूल नहीं कर पाई। फिल्म की शुरुआत एक जियोमैगनेटिक तूफान आने की खबर के साथ होती है। अंतरा (तापसी) तूफान के समय टीवी के जरिए 26 साल पहले के एक बच्चे, अनय से मिलती है। वह अनय को उस दुर्घटना के बारे में बताती है, जिसमें उसकी मौत होने वाली है। इस तरह वह उसकी जान बचा लेती है। अतीत बदलने के कारण अंतरा का वर्तमान भी बदल जाता है। नए वर्तमान में उसके लिए सबकुछ बदल जाता है। अनुराग कश्यप की दोबारा स्पैनिश ड्रामा मिराज से प्रेरित है। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। हालांकि, निर्माताओं ने फिल्म के मिराज से किसी संबंध पर आधिकारिक बात नहीं कही है। दोबारा में तापसी के साथ अभिनेता पावेल गुलाटी भी नजर आए हैं। हिमांशी चौधरी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मशहूर फिल्म निर्माता एकता कपूर ने इसका निर्माण किया है। इस फिल्म को प्रोड्यूस करने में शोभा कपूर, सुनिर खेत्रपाल और गौरव बोस ने भी अपना हाथ बंटाया है। अनुराग और तापसी ने तीसरी बार इस फिल्म के लिए हाथ मिलाया।

## अनुपम खेर की 532वीं फिल्म से डेब्यू करेंगे गुरु रंधावा




लोकप्रिय पंजाबी गायक गुरु रंधावा अभिनय की दुनिया में कदम रखने और अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर की 532वीं फिल्म से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर गुरु के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की। उनकी पीठ कैमरे की तरफ है क्योंकि दोनों फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। अनुभवी स्टार ने गायक के ट्रैक हाई रेटेड गबरू को भी बैकग्राउंड में बजते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, मैं अपनी 532वीं स्क्रिप्ट पढ़ रहा हूं और यह उनकी पहली है! भले ही वह पहले से ही एक सुपर स्टार हैं। देवियों और सज्जनो! पेश है गुरुरंधावा - अभिनेता! उन्हें अपना प्यार और आशीर्वाद दें! जय माता दी !उसी तस्वीर को साझा करते हुए, गुरु ने लिखा, मैं इससे बेहतर लॉन्च के लिए नहीं सोच सकता था। मैं अपनी पहली स्क्रिप्ट पढ़ रहा हूं और यह उनकी 532वीं है। उन्होंने कहा, मैं एक नया कलाकार हूं और खेरसाब एक लीजेंड हैं (सर ये कहलाना पसंद नहीं करते)। आप लोग एक गायक के रूप में मेरे लिए बहुत उदार और दयालु रहे हैं। अब मुझे एक अभिनेता के रूप में अपनी नई यात्रा में आपके प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। मैं बहुत मेहनत करने का वादा करता हूं! मैं इससे बेहतर लॉन्च के लिए नहीं सोच सकता था। रब राखा!

## ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी की निकलने वाली है फूंक, जब भूत बनकर डराएगी कटरीना कैफ



कटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी के लीड रोल वाली फिल्म फोन भूत के चर्चे पिछले काफी दिनों से बॉलीवुड के गलियारों में हो रहे है हालाकि, फिल्म को लेकर अभी तक कोई बड़ी कोई भी डिटेल्स सामने नहीं आई हैं। अब पहली बार फिल्म के बारे में डिटेल्स सामने आई हैं। इस फिल्म के किरदार को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। सामने आया है कि कटरीना कैफ फोन भूत में एक भूत का किरदार निभाने वाली हैं। यह एक हॉरर-कॉमिडी फिल्म होगी। जानकारी सामने आने के बाद फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है और फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि मेकर्स ने पहले भी पोस्टरों के जरिए संकेत दिए थे कि एक्ट्रेस फोन भूत में एक भूत का किरदार निभाती हुई नजर आ सकती हैं। फिल्म के मेकर्स ने पोस्टर शेयर करके साफ कर दिया है कि कटरीना कैफ ही भूत का रोल निभाने वाली हैं। ईशान ने भी अपने अकाउंट पर भी शेयर करके ऐसा इशारा दिया है। उन्होंने लिखा, चुड़ैल ने डायल कर के बताया। गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी ये फिल्म पहले 7 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कई वजहों से मेकर्स ने रिलीज डेट को पोसपोन कर दिया और अब ये कॉमेडी ड्रामा फिल्म 4 नवंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी अभिनीत इस फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। कटरीना कैफ के वर्कफ्रंट की करें तो वो फिल्म फोन भूत के अलावा टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म टाइगर 3 में अभिनेता सलमान खान के साथ मुख्य किरदार नजर आने वाली हैं। इस फिल्म अभिनेत्री पाकिस्तानी एजेंट के रोल में दिखाई देंगी, जबकि सलमान खान रॉ एजेंट की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस श्रीराम के निर्देशन में बनी रही फिल्म मैरी क्रिसमस में साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं।

कटरीना कैफ को आखिरी बार फिल्म सूर्यवंशी में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार भी मुख्य किरदार में थे।

# बंद नहीं हुई है विक्की कौशल की द इम्मोर्टल अश्वत्थामा, अगले साल शुरू होगी शूटिंग

कुछ समय पहले अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा के ठंडे बस्ते में जाने की खबरें आई थीं। फिल्म के बजट का हवाला देते हुए फिल्म को टालने की बात कही गई थी। अब रिपोर्ट्स में सामने आया है कि यह फिल्म बंद नहीं हुई है और इसकी शूटिंग अगले साल की गर्मियों में शुरू होगी। बता दें, इस फिल्म का निर्देशन फिल्ममेकर आदित्य धर करने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। सूत्र ने बताया, यह फिल्म विक्की और आदित्य के लिए एक सपने की तरह है, जिसे उन्होंने एक साथ देखा था। यही वजह है कि आदित्य के लिए विक्की के बिना फिल्म के साथ आगे बढ़ने का कोई सवाल ही नहीं था। बजट और कास्टिंग के मोर्चे पर पिछले कुछ महीनों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन अब फिल्म अगली गर्मियों में शूट होने के लिए तैयार है।

सूत्र ने बताया कि फिल्म को दो भागों में बनाया जाएगा। फिल्म के दोनों भाग की शूटिंग एक साथ की जाएगी। बता दें कि पहले फिल्म की घोषणा एक ट्रिलॉजी के रूप में की गई थी।



बड़े बजट में इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा। कहा जा रहा है कि आदित्य पिछले तीन सालों से इस प्रोजेक्ट में लगे हैं। जियो सिनेमा के सहयोग से फिल्म का निर्माण होगा। पिछले साल जनवरी में फिल्म का पोस्टर जारी हुआ था। पहले ऐसी चर्चा थी कि इस फिल्म बजट इतना बढ़ जाएगा कि मेकर्स इसे रिकवर नहीं कर पाएंगे। खबरों की मानें तो प्री-प्रोडक्शन में ही प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला ने 30 करोड़ रुपये खर्च कर दिए थे। एक सूत्र ने कहा था, जैसे-जैसे प्री-प्रोडक्शन का काम आगे बढ़ता गया, बजट भी दिनों-दिन बढ़ता गया। आखिरकार मेकर्स ने महसूस किया कि 30 करोड़ रुपये के निवेश को छोड़ देना ही बेहतर होगा। फिल्म में विक्की के साथ दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में पहली बार समांथा और विक्की स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगे। विक्की को फिल्म में महाभारत के महान योद्धा अश्वत्थामा का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। अश्वत्थामा गुरु द्रोणाचार्य के बेटे थे जिन्हें अमरता का वरदान मिला हुआ था। इसमें अभिनेता सुनील शेट्टी भी नजर आ सकते हैं। विक्की और आदित्य की जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर हिट रही है। इस फिल्म के लिए दोनों ने दूसरी बार हाथ मिलाया है। आदित्य के निर्देशन की उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में विक्की ने लोगों का दिल जीत लिया था।

## फिल्म विक्रम वेधा को मिल रही प्रतिक्रिया से ऋतिक रोशन खुश



बॉलीवुड स्टार ऋ तिक रोशन, जो फिलहाल अपनी हाल ही में रिलीज हुई दो-नायकों वाली फिल्म, विक्रम वेधा को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं, ने कहा है कि वह अपने काम के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह सुनिश्चित करते हैं वह भूमिका को बेहतर ढंग से निभाएं, और बार-बार सीन को रिहर्स करते हैं। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें कलाई पर काले धागे के पीछे की कहानी बताते हुए देखा जा सकता है। अपने वीडियो को कैप्शन देते हुए, अभिनेता ने लिखा, इसके जाने का समय आ गया है। मुझे नहीं पता कि मैंने यह कब करना शुरू किया। या फिर क्यों। लेकिन आज मुझे एहसास हुआ कि मैंने हर उस किरदार के लिए गुपचुप तरीके से ऐसा किया है जिससे मुझे डर लगता है।उन्होंने कहा कि 2019 की एक्शन फिल्म वॉर में कबीर के उनके कैरेक्टर के लिए यह शुरू हुआ, जो फिर से संयोग से दो-हीरो वाली फिल्म थी, ज्यादातर यह एक लाल मौली (कबीर ने पहनी थी) और कभी-कभी यह एक काला धागा होता है। यह भी याद नहीं है कि मैंने इसे कब शुरू किया था। क्या यह कहो ना प्यार है .. था? या कोई मिल गया या बहुत बाद में? (उन फिल्मों में वापस जाकर मेरी कलाई या गर्दन की जांच करनी होगी) क्योंकि यह मैनें प्लान नहीं किया था। अब जबकि ऋ तिक रोशन ने विक्रम वेधा के साथ अपने दर्शकों को खुश किया है, वह एक और भूमिका कर रहे हैं। स्टार के पास पाइपलाइन में फाइटर है जिसमें वह दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन साझा करेंगे।

# आलिया भट्ट अपनी प्रेग्नेंसी को पूरी तरह एन्जॉय कर रही हैं



आलिया भट्ट ने जून में सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी और तब से ही एक्ट्रेस इस बात को लेकर चर्चा में हैं। अपने मैटरनिटी आउटफिट, फुटवियर से लेकर मैटरनिटी वियर की अपनी लाइन लॉन्च करने तक, ब्रह्मास्त्र की अभिनेत्री अपनी गर्भावस्था को दिखाने और प्रचार कार्यक्रमों या पुरस्कार समारोहों के दौरान इसके बारे में बात करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।

अभिनेत्री को अक्सर अपना अनुभव साझा करते हुए और अपना पसंदीदा ट्रैक केसरिया गाते हुए देखा जाता है। वास्तव में, हाल ही में टाइम 100 इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित होने के बाद स्वीकृति भाषण के दौरान, अभिनेत्री ने उल्लेख किया कि कैसे बच्चे ने अपने पूरे भाषण में उसे लगातार लात मारी।

उन्होंने डार्लिंग्स और ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन - शिवा सहित अपनी हालिया परियोजनाओं के प्रचार कार्यक्रमों के दौरान भी इसके बारे में विस्तार से बात की। सितंबर में हैदराबाद में अपनी फिल्म ब्रह्मास्त्र के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान उन्हें गुलाबी रंग का शरारा पहने देखा गया था। लेकिन वह जो करना चाहती थी, वह उस पर लिखे एक संदेश को उजागर करना था। इसके लिए उन्होंने दर्शकों की ओर मुंह मोड़ लिया ताकि वे उनकी पीठ पर लिखा बेबी ऑन बोर्ड पढ़ सकें। हाल ही में, उन्होंने अपने मैटरनिटी वियर का कलेक्शन दिखाने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल का भी सहारा लिया। इसे देखने वालों को प्रेग्नेंसी के दौरान उनके स्टाइल स्टेटमेंट के बारे में आसानी से पता चल जाएगा और वह अपने फैंस को इसे दिखाने के लिए कितनी मेहनत कर रही हैं। बेशक, यह यह दिखाने का भी एक प्रयास हो सकता है कि किस तरह से माताएं अपना फैशन ट्रेंड सेट कर सकती हैं। अपनी गर्भावस्था की घोषणा के ठीक बाद, गंगूबाई काठियावाड़ी की अभिनेत्री को अपनी फिल्म डार्लिंग्स का प्रचार करते देखा गया, जिसमें उन्होंने गर्भावस्था के दौरान तनाव के बारे में बात की और इस अवधि के दौरान भी काम करना जारी रखने के लिए उन्हें बहुमूल्य सलाह दी।

## रणदीप हुड्डा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर की शूटिंग शुरू



वी.डी. सावरकर पर आधारित आगामी फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर की शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में रणदीप हुड्डा नजर आएंगे साथ ही इस फिल्म से अभिनेता रणदीप हुड्डा अपने निर्देशन की शुरुआत करेंगे। उसी पर टिप्पणी करते हुए निर्माता आनंद पंडित ने कहा, इस भूमिका के साथ पूर्ण न्याय करने के लिए रणदीप हुड्डा के अलावा कोई अभिनेता नहीं हो सकता था। साथ ही, हमारी फिल्म में एक निर्देशक के रूप में भी रणदीप हैं और इससे मुझे गर्व महसूस होता है। फिल्म की शूटिंग महाराष्ट्र और लंदन में की जाएगी और इसमें रणदीप भी इसी नाम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। निर्माता संदीप सिंह ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका निभाने के अलावा, हमारी फिल्म के साथ एक निर्देशक के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। भारतीय और हिंदू होने के नाते स्वातंर्त्यवीर सावरकर हमारे लिए एक विशेष फिल्म है। मैं चाहता हूं कि हर भारतीय, खासकर युवा पीढ़ी, हमारे इतिहास को जानने के लिए इसे देखे।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह इस फिल्म को बनाने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त और सम्मानित महसूस करते हैं।

# बेटियों ने रोशन किया नगर का नाम



छाया जैन



हर्षिता जैन

**संवाददाता प्रदीप जैन की रिपोर्ट**

**शिवपुरी** जिले के नगर परिषद रन्नौद की निवासी कुमारी छाया जैन ने श्रम एवम रोजगार मंत्रालय अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (श्वस्द्धष्ट) की परीक्षा उत्तीर्ण कर शासकीय सेवा में पदस्थ होने का गौरव हासिल किया है।वहीं उनकी बड़ी बहन कुमारी हर्षिता जैन एसएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंदौर जिले में मध्यम एवं सूक्ष्म लघु उद्योग, केंद्र सरकार अधीन कार्यरत हैं।दोनों ही बेटियों के अदम्य साहस की हर कोई प्रशंसा कर रहा है।परिवार को है बेटी पर गर्व – नगर रन्नौद की दोनों बेटियों ने अपने माता-पिता के साथ-साथ गांव का नाम भी रोशन किया है। कुमारी छाया और हर्षिता जैन के पिता श्री बिनोद जैन कपड़े की दुकान करते हैं। पिता श्री विनोद जैन ने बताया कि दोनों बेटियों की प्रारंभिक शिक्षा रन्नौद ग्राम में ही हुई है, उसके बाद ग्रेजुएशन एवं परीक्षा की संपूर्ण तैयारी शिवपुरी में पढ़कर की है। पिता का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। बेटियों ने सरकारी परीक्षा उत्तीर्ण कर संपूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# शिवपुरी दर्शन हेतु टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण का शुभारंभ

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** जिले के पर्यटन को गति देने हेतु जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में आज बुधवार 23 नवंबर को शिवपुरी दर्शन हेतु टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ श्री अशोक कुमार मोहिते के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पर्यटन स्थल सिंधिया छत्री से किया गया।श्री मोहिते द्वारा गाइडों को टूरिस्टों को अट्रैक्शन करने के टिप्स दिए गए एवं कैसे एक टूरिस्ट प्लेस से दूसरे टूरिस्ट प्लेस को लिंक किया जाये प्रशिक्षण में यह भी बताया गया। प्रशिक्षण में छत्री में हुए मार्बल वर्क, पच्चीकारी, सिंधिया छत्री का ऐतिहासिक महत्व एवं सिंधिया राज घराने आदि के बारे विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही कैसे शिवपुरी दर्शन के लिये टूरिस्ट बेल्ट को एक बेहतर टूरिस्ट गाइड की सहायता से और प्रभावी बनाया जा सकता है, उसपर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहायक नोडल अधिकारी श्री सौरभ गौ? एवं जिला पर्यटन मैनेजर श्री देव सोनी प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे।

# यातायात पुलिस द्वारा नाबालिक बच्चों और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने बालों पर कार्यवाही

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** यातायात पुलिस द्वारा आज शहर में लगातार देखे जा रहे नाबालिक बच्चों के द्वारा शहर में जो बाइक लेकर घूमते हैं उन पर आज यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई और एक दर्जन गाड़ियों पर चालानी कार्यवाही की गई कुछ गाड़ियों को समझाइए कर छोड़ा गया कुछ बच्चे जो बिना लाइसेंस की गाड़ी चला रहे थे उन पर भी चलानी कार्यवाही की गई शहर में घूम रहे हैं नाबालिक वाहन चालकों पर आज यातायात पुलिस शिवपुरी द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। यह वह बच्चे हैं जो आए दिन सड़कों पर स्पीड से दो पहिया वाहन चलाते दिखेंगे। इनकी उम्र 14,15,16,17 वर्ष के लगभग रहती है। जितनी गलती इन बच्चों की है उससे कहीं ज्यादा इनके माता-पिता की जो की नाबालिक बच्चों को उनकी जिद के आगे मोटरसाइकिल और स्कूटर दिला देते हैं। जिसके बाद वे इसका इस्तेमाल स्टंट करने, ओवरस्पीडिंग एवं घर जल्दी पहुंचने में करते हैं और तो और यह लोग हेलमेट का उपयोग भी नही करते। आज यह कार्रवाई संकेतात्मक रूप से की गई है। अगर आगे भी यही हाल रहा तो इन लोगो पर न्यायालयीन कार्यवाही भी की जाएगी। यहां बता दें कि मध्य प्रदेश में पिछले 1 वर्ष में 157 नावालिक बच्चों की मौत दो पहिया वाहन चलाते हुई है। जिसमे 147 बालक एवं 10 बालिका हैं।

## चौकी हिम्मतपुर थाना पिछोर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# 1000 लीटर अवैध लहान व हाथ भट्टी की कच्ची शराब मय शराब बनाने के सामान सहित जप्त





**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**पिछोर,** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश कुमार चंदेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में दिनांक 22 /11/22 को थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब विरोधी अभियान के अंतर्गत आज चौकी हिम्मतपुर थाना पिछोर पुलिस ने ग्राम करारखेड़ा के जंगल में बने अवैध शराब बनाने के अड्डों पर छापा मारकर 1000 लीटर शराब बनाने का गुड़ का लहान व भट्टी नष्ट की यह लोग भारी पैमाने पर बेचने के लिए शराब तैयार कर रहे थे लेकिन पुलिस ने शराब बनाने के अडे नष्ट कर दिए तथा आरोपी भूपेंद्र पुत्र बाबूलाल परिहार उम्र 23 वर्ष निवासी करारखेड़ा मजरा भौटेका के कब्जे से अवैध रूप से हाथ भट्टी की कच्ची शराब 05 लीटर जप्त की गई व आरोपी के विरुद्ध थाना पर आबकारी एक्ट का अपराध कायम किया गया अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी

**उक्त कार्यवाही में** –थाना प्रभारी निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर , चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उनि, नितिन भार्गव, चेतन शर्मा चरण सिंह, प्रधान आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी, घनश्याम सिंह परमार, संतोष यादव,प्रीति पाल सिंह चौहान, हरीश जाट, बृजेश राणा, सैनिक राहुल भार्गव, राकेश प्रताप सिंह, सरनाम सिंह की सराहनीय भूमिका रही

## मरणासन्न बयान में किशोरी ने बताया पारिवारिक दबाव के कारण खाया जहर

**शिवपुरी।**शिवपुरी के फिजिकल थाना क्षेत्र के कमलागंज में 17 साल की किशोरी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी ने पारिवारिक कलह के चलते जहर खाया था। फिजिकल थाना पुलिस में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।कमलागंज की रहने वाली सोनम धाकड़ पुत्री सुगर सिंह धाकड़ उम्र 17 साल ने सोमवार को परिजनों से हुई कहासुनी के बाद छुब्द होकर घर में रखी चूहे मारने की दवा खा ली। तबियत बिगड़ने के बाद सोनम को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां बीते रात सोनम ने दम तोड़ दिया।

**मरणासन्न वयान में बताया पारिवारिक दबाव**–सोनम की मौत के बाद फिजिकल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। प्रशानिक सूत्रों की माने तो सोनम ने तहसीलदार को मरणासन्न बयान दिया था। मरने से पहले सोनम ने परिजनों द्वारा डाले गए दबाव के कारण यह कदम उठाने की बात कही है साथ ही बजह भी बताई है। फिलहाल पूरे मामले की पड़ताल में पुलिस जुटी हुई है

# ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में सेल्समैन हरिओम राय ने 500 कुंटल राशन की कालाबाजारी की भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार गरीब लोगों के साथ खिलवाड़

## सेल्समैन हरिओम राय ने गरीबों का हक खाया गरीब लोग एक एक अनाज को मोहताज





**पत्रकार राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर ,**तहसील खनियाधाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द का मामला सामने आ रहा है जहां पर सेल्समैन हरिओम राय द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन करता है परंतु गरीब लोगों के लिए शासन की योजनाओं का संभावित लाभ नहीं मिल पा रहा है इसी क्रम में देखा जाए तो पंचायत पहाड़ा खुर्द में सेल्समैन हरिओम राय भी गरीब लोगों का हक छीन रहा है एवं गरीब लोगों का अनाज लेकर कालाबाजारी करता है गरीब लोगों के लिए अभी तक अनाज नहीं दिया गया है स्वयं सेल्समैन दिन रात कालाबाजारी की कगार पर खड़ा है ग्रामीण जनों का कहना है कि रातों-रात सेल्समैन द्वारा कालाबाजारी की जाती है और हम लोगों के लिए किसी भी प्रकार से राज नहीं मिल पाता है अगर अनाज हितग्राही पर्ची लेकर सेल्समैन उचित मूल्य की दुकान पर जाता है तो उस सेल्समैन यह कह देता है कि अभी शासन से अनाज आया नहीं है परंतु हकीकत कुछ और है दिनदहाड़े काले कारनामों का काला खजाना बाजार में जाकर तेजी से कालाबाजारी करता है ग्रामीण जनों ने बताया कि अगर हमारी सुनवाई यहां तहसील स्तर पर नहीं हुई तो हम लोग संगठन करके शिवपुरी जिलाधीश महोदय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे इसलिए जब तक हमारी कोई सुनवाई नहीं होती है और सेल्समैन के ऊपर कोई संज्ञान नहीं लिया जा सकता है तब तक हम यह लड़ाई लड़ेंगे क्योंकि हमारी लड़ाई सिर्फ सिर्फ अनाज को लेकर है क्योंकि हम लोगों के लिए अनाज समय पर कभी मिला ही नहीं है और ना कभी मिलता हैग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में एक ऐसा सेल्समैन जो 500 ,500 कुंटल का दिनदहाड़े विक्रेताओं को बेच देता है प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है

# अपराध करने की नियत से घूम रहे एक बदमाश को देशी कट्टे और 01 जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले की तहसील खनियाधाना थाना अंतर्गत आज अपराध की नियत से घूम रहे एक अपराधी को देसी कट्टे एवं जिंदा कारतूस के साथ खनियाधाना पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र मे बदमासों एवं अवैध हथियार रखने बालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया, एस.डी.ओ.पी पिछोर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में फायर आर्म्स के विरूध्द कार्यवाही करते हुये थाना खनियाधाना द्वारा एक बदमास को 315 वोर के देशी कट्टे एवं एक जिंदा राउण्ड के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है । दिनांक 22.11.2022 को निरी. तिमेश छारी थाना प्रभारी थाना खनियाधाना को जरिये मुखविर सूचना मिली कि ग्राम चमरौआ मजरा शिवनगर की रोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा उक्त सूचना पर निरी. तिमेश कुमार छारी द्वारा टीम गठित कर सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु मौके पर रवाना किया गया, टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताये संदिग्ध व्यक्ति को देखा जो पुलिस को आता देख भागने की कोशिश करने लगा जिसे हमराह फोर्स ने पकड़ा और तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक 315 वोर का देशी कट्टा व 01 जिन्दा राउण्ड मिला, संदिग्ध व्यक्ति ने निवासी ग्राम चमरौआ मजरा शिवनगर का होना बताया, उक्त व्यक्ति से कट्टे रखने के सम्बंध मे बैध लाईसेंस चाहा तो ना होना बताया आरोपी का यह कृत्य धारा 25/27 आर्मस एक्ट का पाया जाने से आरोपी के विरूध्द अपराध क्र. 669/2022 धारा 25/27 आर्मस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त कार्यवाही मे निरी. तिमेश कुमार छारी मय सउनि अरूण कुमार वर्मा , आर. 781 हेमसिह गुर्जर , आर 408 धर्मेन्द्र , आर. 1046 बलराम , आर. 855 हरिकृष्ण जाट , आर.चा. 858 सत्यवीर गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## चैकिंग अभियान चलाकर आधा दर्जन चालक पकड़े, पालकों को बुलाकर काटे चालान



**शिवपुरी।**शिवपुरी में दो पहिया वाहनों पर फर्राटा भर रहे नाबालिग चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की है। यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने बताया कि शहर में नाबालिग वाहन चालकों की संख्या में इजाफा होने की शिकायत मिली थी। नाबालिग बाइक चालक आए दिन सड़कों पर तेज रफ्तार के साथ सड़कों पर बाइक दौड़ाते हैं जिस वजह से कई बार वे घायल भी हुए हैं। ऐसे नाबालिग बाइक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

**पालक भी बराबर के हकदार**–रणवीर सिंह ने बताया कि जितनी गलती इन बच्चों की है उससे कहीं ज्यादा गलती इनके माता-पिता की भी है। जो बच्चों को उनकी जिद के आगे बाइक और स्कूटर दिला देते हैं। जिसके बाद वह बाइकों से स्टंट करते हैं साथ ही यह लोग हेलमेट का उपयोग भी नही करते हैं। आज यह कार्रवाई संकेतात्मक रूप से की गई है।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने स्कूली बच्चों को बांटे प्रशस्ति पत्र

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी जिले के जनपद पंचायत बदरवास की ग्राम पंचायतों के 150 से अधिक शासकीय अशासकीय विद्यालयों में विश्व शौचालय दिवस पर स्वच्छता दौड का आयोजान बीआरसी श्री अंगद सिंह तोमर के सक्रिय सहयोग से किया गया था जिसमें प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय और हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। आज दिनांक 12.11.2022 को उक्त आयोजित स्वच्छता दौड के विजेता छात्र छात्राओं को आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एलएन पिप्पल विकसखंड समन्वयक एसबीएम अश्विनी दीक्षित सरपंच ग्राम पंचायत बूढाडोंगर श्री अरुण सिंह यादव सचिव श्री दिनेश ओझा विद्वालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। संस्थाओं द्वारा समस्त संस्थाओं जिनके बच्चों द्वारा भागीदारी की गई थी उन सभी को प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा जिन्होंने स्वच्छता की दौड़ में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है



# सद्गुरु कबीर आश्रम पर कोली समाज ने किया आयोजन, देश के लिए योगदान की कही बात

**करैरा।**अखिल भारतीय कोली समाज संगठन करैरा ने सदगुरू कबीर साहेब आश्रम करैरा पर वीरांगना झलकारी बाई जयंती का आयोजन किया। यह आयोजन प्रेमनारायण आर्य के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता यामनी कोली ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि हरिशरण भागोरिया, गीता बाजोरिया रहे।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथ ने अपने उद्बोधन में वीरांगना झलकारी बाई की वीर गाथा का उल्लेख करते हुए कोली समाज के गौरव शाली इतिहास पर गर्व जताया। सुनीता हिंडोरिया ने वीरांगना झलकारी बाई के इतिहास पर प्रकाश डाला। यामनी कोली महामंत्री महिला मोर्चा ने वीरांगना झलकारी बाई की गाथा का उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि हमें वीरांगना झलकारी बाई की जयंती से सीख लेना चाहिए कि जिस प्रकार उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेकर देश को आजाद कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उसी



तरह हमारे देश के विकास में हमारे समाज की महिलाओं का भी योगदान होना चाहिए। इस दौरान शप्रभुदयाल शेरसे की भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुती दी।मंच का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष कोली समाज डॉ. देवेंद्र कुमार कोली ने किया। आभार जयप्रकाश मेहोरिया ब्लॉक उपाध्यक्ष कोली समाज ने व्यक्त किया। इस आयोजन में संरक्षक छोटेलाल सूत्रकार, ज्ञानेंद्र वाजोरिया, कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन बडोनिया, सह लेखा परीक्षक हरिशरण भागोरिया, संगठन मंत्री प्रभुदयाल शेरसे, सह सचिव सतीश भगोरिया, उपाध्यक्ष हरप्रसाद भगोरिया, कोषाध्यक्ष विवेक भगोरिया, सुखराम कोली युवामोर्चा उपाध्यक्ष संतोष भगोरिया, मुन्ना कोली, अशोक चंदेनिया शास्त्री, दयाल कोली, खैमराज कोली, कमल सिरोलिया, लक्ष्मी मेहोरिया, भगवती शेरसे, चिमनलाल कोली सहित समाज बंधु सम्मिलित हुए।

# उद्भव साहित्यिक मंच ने कवि अनंग पल सिंह को किया सम्मानित, मासिक गोष्ठी में हुई सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** द्ध उद्भव साहित्यिक मंच ने श्रेष्ठ रचनाकारों एवं साहित्यकरों को सम्मानित करने की श्रंखला में गत दिवस वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि अनंगपाल सिंह भदौरिया ÷अनंग÷ को सम्मानित किया गया 7 अनंगपाल सिंह भदौरिया ÷अनंग÷ को सम्मानित करते हुए संस्था के सचिव दीपक तोमर ने कहा ककि %उद्भव÷ ने साहित्य के लिए समर्पित श्रेष्ठ रचनाकारों को सम्मानित कर अपने साहित्यिक योगदान का कार्य आरम्भ किया है इसी क?ी में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव ÷ ग्वालियर साहित्य उत्सव÷ का आयोजन कर देश विदेश के साहित्यकारों को ग्वालियर आमंत्रित कर साहित्यिक गंगा का प्रवाह किया था सम्मान कार्यक्रम के उपरांत ÷उद्भव साहित्यिक मंच÷ की मासिक गोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती का माल्यार्पण कर किया गया 7सरस्वती वंदना साहित्यकार जगदीश गुप्त ÷महामना÷ ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की। सभी का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन की भूमिका सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाह ने निभाई । कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए अनंगपाल सिंह भदौरिया ने साहित्यिक गतिविधियों को निरंतर संस्था द्वारा संचालित रखना बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय बताया। इसके उपरांत काव्यगोष्ठी का प्रारम्भ करते हुए राम चरण चिराड़ ÷रुचिर ने पड़ा

धर्म नीति की राह न भटके,वही सुखद व्यवहारी है

सरल, सहज, समरस जीवन ही, होता परहितकारी है

सरिता चौहान ने कुछ इस तरह गीत प्रस्तुत किया ।

आँख से तुम देख लो, क्या हो रहा है

आजकलआदमी खुद बीज विष के, बो रहा है आजकल

सुरेंद्र सिंह परिहार ने आध्यात्मिक गीत को इस तरह पड़ा-

पीड़ा में हूँ,मन उच्चाटित है,चाहे जितना जोर लगाऊँ

गोष्ठी का संचालन कर रहे सुरेन्द्र पाल सिंह कुशवाहा ने वीरांगना लक्ष्मी बाई को इस तरह याद किया

÷कठिन समय में लक्ष्मी बाई जैसा जोश जगाना,

रानी सिखलाती है, अपनी मिट्टी पर मिट जाना

जगदीश महामना का गीत इस तरह रहा÷ ।

उल्लासों ने नृत्य रचे है,

वारिस की बूंदों ने रास

जाग गया हूँ ब्रह्मघड़ी में,

कुंडल,कमल खिला आकाश

डॉ. किंकर पाल सिंह जादौन ने सुनाया-

जब ङ्कजब तुमने छूकर मुझको किया इशारा है,

तब ङ्कतब लगा किसी पीड़ा ने,मुझे पुकारा है

गिरेन्द्र सिंह भदौरिया का गीत इस प्रकार था।

मुझे लालसा नहीं किसी की,न तृप्ति कि प्यास।

मुझे चाहिए अपनी धरती ,अपना ही आकाश

वरिष्ठ साहित्यकार अनंग पाल सिंह भदौरिया अनंग÷ ने गोष्ठी का समापन इस तरह से किया

रूह की पोशाक अब, काफी पुरानी हो गई।

जो सुनहरी थी कभी, अब आसमानी हो गई

गोष्ठी का संचालन सुरेन्द्रपाल सिंह कुशवाहा एवं आभार संस्था के सचिव दीपक तोमर ने किया7 उक्त अवसर पर श्रीमती रजनी तोमर एवं प्रोफेसर प्रतापभानु सिंह भदौरिया आई आई टी खड़गपुर विशेष रूप से उपस्थित थे

## शासकीय राज छवि खुरासिया माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में हुआ वस्त्र वितरण

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**गोहद-भिण्ड।** गोहद नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी नाथूराम अग्रवाल द्वारा आज गोहद नगर के शासकीय राज छवि खुरासिया माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मैं सर्दी के मौसम को देखते हुए उदारता पूर्वक गर्म वस्त्रों का वितरण किया जिसमें एक से पांच तक के ऐसे बालक बालिकाएं जो अभाव के चलते गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ थे उन्हें विद्यालय के प्रधानाध्यापक आचार्य बृज मोहन शर्मा की सलाह पर बालक बालिकाओं को गर्म कपड़े बांटे इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मुन्ना लाल वर्मा सीएम राज के उप प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह भदोरिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक आचार्य बृज मोहन शर्मा क्रीड़ा भारती के अरविंद शर्मा समाजसेवी सोनू राठी संजय मांझी वरिष्ठ शिक्षक करण सिंह चौरसिया किरण शुक्ला रविंद्र सोनी श्यामसुंदर राठौर जितेंद्र शर्मा ज्योति शर्मा श्री कोरव रेखा प्रजापत एवं समाजसेवी और गणमान्य जन उपस्थित थे।

# डिजिटल लेन देन में सतर्कता की जरूरत - डिप्टी मैनेजर गणेश महोबिया



**सिरोजं।** जबुधवार को केडीबीएम महाविद्यालय में एचडीएफसी बैंक ने छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता एवं डिजिटल लेनदेन की विस्तार को समझने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सहायक शाखा डिप्टी मैनेजर गणेश महोविया ने बताया कि ई बैंकिंग का ज्यादा उपयोग करने से ग्राहकों को बैंक का चक्कर कम लगाना पड़ेगा। साथ ही, लेन-देन भी आप अपने मोबाइल फोन से ही आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ई-बैंकिंग का इस्तेमाल करते वक्त ग्राहकों को कुछ सावधानी बरतनी भी जरूरी है। किसी भी परिस्थिति में मोबाइल पर आये ओटीपी और एटीएम का पिन नंबर किसी से शेयर न करें ताकि संभावित फ्राड से बचे रहें। बताया कि बैंक मोबाइल फोन पर अपने ग्राहकों से कोई जानकारी नहीं मांगता है। सचिन शर्मा डिप्टी मैनेजर ने कहा कि केंद्र सरकार ने नोटबंदी के बाद से ही डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया है और जिसका अच्छा परिणाम भी सामने आ रहा है। थोड़ा सतर्क रहने को कहा है क्योंकि ऐसा करने से उन्हें बहुत सारी परेशानियों से बचाया जा सकता है। पिन, ओटीपी या बैंक खाता विवरण साझा न करने का अनुरोध किया एवं चोरी, खो जाने या समझौता होने पर अपना कार्ड ब्लॉक करें। इस दौरान कार्यक्रम का आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुजीत कुशवाह ने किया कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पथरिया में गांधी चौपाल के तहत लगाया जन समस्या निवारण

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरिया में गांधी



चौपाल के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने आकर अपनी समस्याएं कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराई।इस अवसर पर शिविर के आयोजक विधानसभा 2018 के कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष बोहत एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर नागरिकों की समस्याओं को सुनेगा और उनका हल कराने का प्रयास करेगा ।जिला पंचायत सदस्य गगनेंद्र रघुवंशी एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि हम



सब मिलकर कांग्रेस के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पांचों विधानसभा क्षेत्र इस बार कांग्रेस जीतेगी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी केस शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन ने कहा कि भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है हम सब मिलकर समस्याओं का हल कराएंगे ।जनपद सदस्य अतीक मंसूरी ने कहा कि हम सब मिलकर धरना प्रदर्शन आंदोलन जो भी हमें करना पड़ेगा और नागरिकों की लड़ाई सड़कों पर लड़ेंगे और उनका हल कराने का प्रयास करेंगे ।इस अवसर पर कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन, मंडल अध्यक्ष वीर सिंह दांगी, खचोरी लाल अहिरवार,सेक्टर अध्यक्ष नरेश रघुवंशी, सद्दू खां,अखलेश कुमार नामदेव, समंदर सिंह रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी, फैज मोहम्मद,हाजी नदीम जावेद खान,बंटी सक्सेना, मानव अधिकार संरक्षण परिषद के जिला अध्यक्ष मनमोहन दुबे,रोहित सेन विनोद प्रजापति, आसाराम केवट, राजीव साहू, इदरीश खान,राजेश बघेल आशाराम केवट, वीरू नायक, दीपक नायक आदि उपस्थित थे ।

# ग्राम पंचायत पाथरगांव में आयुष्मान पखवाड़ा

## पात्र हितग्राहियों के बनाएं जा रहें आयुष्मान कार्ड

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरगांव के झिंगुटोला में आयुष्माषन भारत ‘निरामयम्’ मध्यप्रदेश योजनांतर्गत शतप्रतिशत हितग्राहियों को योजना से जोडने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत अंतर्गत झिंगुटोला में ‘आयुष्मामन पखवाडा’ प्रारंभ किया गया है। जिसमें सीएससी संचालक आशिष एड़े एवं सहयोगी के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। ग्राम पंचायत पाथरगांव के संरपच अरूण कबिरे एवं सीएससी संचालक आशिष एड़े के द्वारा विशेष अभियान चलाकर ग्रामिणों को आयुष्मावन भारत योजना के लाभ, हास्पिटल की जानकारी आदि देकर जागरूक किया जा रहा है। शिविर में आयुष्मालन कार्ड बनाने के लिए फिंगरप्रिंट के अलावा आधार ओटीपी की सुविधा प्रदान की गई है जो हितग्राही के लिए बहुत ही सुविधाजनक है। आयुष्मानन पखवाड़ा सफल बनाने के लिए ग्राम रोजगार सहायक एवं सीएससी सर्च इन्फो्टक बालाघाट द्वारा संयुक्त प्रयास किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना में एसईसीसी जनगणना 2011 के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, बीपीएल परिवार, खाद्यान्न पात्रता पर्ची धारी, श्रमिक कार्डधारी परिवारों के हितग्राहियों को सम्मिलित किया गया है। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाने वाले हितग्राहियों को नागपुर, जबलपुर, गोंदिया, बालाघाट आदि के इस योजना में उपचार के लिए अधिकृत हास्पिटल के सूची निन्शुल्को उपलब्धध करायी जावेगी।

# पूर्वजो ने त्याग व बलिदान दे कर धर्म व संस्कृति की रक्षा की है - मोती सिंह जोधा

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु.** राजस्थान राजपूत परिषद, कर्नाटक का नवम दीपावली स्नेह मिलन समारोह टुमकुर मार्ग पर स्थित भिक्षु धाम में रखा गया द्य सर्व प्रथम माँ चामुंडा की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई द्य मुख्य अतिथि अधिवक्ता व प्रवासी फ्रेंड्स फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रवण सिंह राठोड़, जेएनवीयू जोधपुर के छात्र नेता मोती सिंह जोधा,राजस्थान राजपूत परिषद ट्रस्ट,चेन्नई के अध्यक्ष मदन सिंह पातावत,महाराणा प्रताप राजपूत मंडल,मैसूरु के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत रहे द्य सभी का सा?ा,माला व शाल द्वारा सम्मान कर स्मृति चिह्न दिया गया द्य अधिवक्ता श्रवण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार में साख बनानी चाहिए द्य मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के तहत बीमा बनाने की बात कही द्य श्रङ्कस्पर विस्तार से प्रकाश डाला द्य भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के 120 गांवों के किसानों के संघर्ष कर बांडी नदी में सिणधरा बांध का पानी छिड़वाने का एतिहासिक काम की जानकारी दी द्य छात्र नेता मोती सिंह जोधा ने ओजस्वी भाषण देते हुए कहा कि त्याग व बलिदान वीरो का आभूषण हैं द्य क्षत्रिय का अर्थ



है मुसीबत के समय जरूरतमंद के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहकर मदद करना द्य व्यापार सहित हर समाजिक क्षेत्र में संस्कारवान होना चाहिए द्य आप किसी भी पार्टी से जुड़े हो,मगर समाज एकता की बात आए तो आप सभी को एक मंच पर आना होगा द्य एकजुटता ही समाज को मजबूती प्रदान करती है द्य जिससे समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है द्य पूर्वजों ने रक्त जीतकर इतिहास रचा है द्य हम लोगों को अपनी विरासत व संस्कृति को बचाना होगा द्य छात्र नेता ने सभी को समाज उत्थान व एकता हेतु संकल्प दिलाया द्य पूर्व अध्यक्ष भगवान सिंह भाटी ने विगत वर्षों में समाजहित में किए गए कार्यों की जानकारी दी द्य बाद में मेधावी विद्यार्थीयो को पारितोषिक दिया गया द्य विभिन्न प्रकार के चढ़ावा की बोलीया बोली गई द्यइस अवसर पर राजस्थान राजपूत परिषद,कर्नाटक के अध्यक्ष भंवर सिंह बालावत,उपाध्यक्ष चैन सिंह मेलीबांध,सचिव ओब सिंह देवड़ा, कोषाध्यक्ष उत्तम सिंह सोढा, सलाहकार अर्जुन सिंह बालावत सहित विभिन्न संघ संस्थानों के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे द्य मंच संचालन उम्मेद सिंह डुडसी ने किया

# नशामुक्त अभियान रैली का हुआ आयोजन, नवांकुर संस्था की बैठक संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड लांजी जिला बालाघाट की नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड आर्गनाइजेशन लांजी के द्वारा 23 नवम्बर को विकासखंड के सेक्टर क्रमांक 01 लांजी से देवारबेली के प्रस्फुटन ग्राम घोटी नंदौरा के सरस्वती शिशु मंदिर में जन अभियान परिषद बालाघाट के जिला समन्वयक कुदलिप सिंह ठाकुर के दिशा निर्देश में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे नवांकुर संस्था द्वारा नगर विकास प्रस्फुटन समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य ,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्रा एवं परामर्शदाता के साथ समितियों द्वारा माह में किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आने वाले महीनों में स्थानीय नदी नालों की स्थिति के अनुसार बोरी बंधान ,शासन की किसी एक योजना का उनके ग्राम में क्रियान्वयन की स्थिति ,रबी के सीजन में जैविक कृषि को बढ़ावा देने ,नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम में नशा मुक्ति हेतु की जाने वाली गतिविधियों ,ऊर्जा साक्षरता अभियान अंतर्गत उषा ऐप डाउनलोड कर प्रशिक्षण व प्रमाण पत्र प्राप्त करने ,समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों को परिषद के एमआईएस में अपलोड करने के विषय में प्रशिक्षण ,प्रत्येक गुरुवार को प्रस्फुटन समितियों की साप्ताहिक बैठक ग्राम स्तर पर आयोजित की जाएगी एवं अन्य विषय पर चर्चा की गई तथा साथ ही ग्राम में नशामुक्त भारत अभियान को लेकर रैली का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेककर नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड न 04 दीपांकर भार्गव, हेमंत मोहबिया,पूजा दुरुगकर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पूर्वाटोला मोहित यादव, मनीषा बागड़े, सरस्वती यादव, टेकरी से निखिल सातपुते, मनीषा किरमे, घोटी से मृत्युंजय पांचे, दिव्या चौधरी, पौसेरा से रज्जू यादव,गणेश दांदरे, सतोना से जुनेद शेख, बेलगांव से पिंकी अग्रवाल, रीता अग्रवाल , नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड्स ऑर्गनाइजेशन के कार्यक्रम समन्वयक लवकुश यादव एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यकम के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

# भारतीय डाक विभाग का कार्यक्रम 51 वां स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस पर किया गया लिफाफा का विमोचन

## आचार्य श्री के दर्शन भर से जीवन सफल हो जाता है- एसडीएम प्रवीण प्रजापति

**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। जगत गुरू आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के संस्कृति शासनाचार्य स्वर्ण महोत्सव बडें हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय डाक विभाग द्धारा महामुनिराज के 50वे आचार्य पदारोहण दिवस के उपक्ष्य पर डाक विभाग द्धारा स्पेशल लिफाफा व आचार्य श्री की विशेष मूहर के विमोचन का कार्यक्रम बस स्टेण्ड स्थित डाक घर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के निर्देशन और मार्गदर्शक नसिया उद्धारक मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज, मुनि श्री 108 पूज्य सागर जी महाराज,पूज्य ऐलक श्री 105 धैर्यसागर महाराज व क्षुल्लक श्री 105 गंभीर सागर महाराज की कृपा व प्रेरणा से यह कार्यक्रम सम्पन्न होने जा रहा है। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप एसडीएम प्रवीण प्रजापति एंव पोस्ट मास्टर मुकेश बागडी उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम का प्रांरभ आचार्य श्री के चित्र का अनावरण एंव दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि में अति सौभाग्यशाली हुं कि मुझे आचार्य श्री के 50वे स्वर्ण आचार्य पदारोहण दिवस पर भारतीय डाकतार विभाग द्धारा विशेष आवरण (लिफाफा) का अलग अलग मुद्धरण किया जा रहा है। इसका विमोचन मेंरे द्धारा किया गया। वही उन्होने कहा कि मुनि श्री के दर्शन मात्र से जीवन सफल हो जाता है। जैन समाज का यह कार्य जो दिगंबर जैन,पंचखनी मंदिर द्धारा किया जा रहा है इस कार्यक्रम के प्रायोजक को में बधाई देता हुं। वही पोस्ट मास्टर मुकेश बाग?ी ने कहा कि हम अत्यंत खुश है कि हमारे कार्यालय में देश के महान संत के लिफाफे का विमोचन हो रहा है हमारी नौकरी के कार्यकाल में इतना स्वर्ण अवसर पहला और आखरी लगता है स्पेशल लिफाफा क्या है - कार्यक्रम का संबोधित करते हुए राजीव जैन सैनानी ने आचार्य श्री के बारे में बताते हुए कहा कि हम बडें सौभाग्यशाली है कि हमें यह क्षण प्राप्त हो रहे जो हमारी जिन्दगी के अमूल्य क्षण होगें। वही उन्होंने श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन पचखनी मंदिर सिरोंज की पूरी टीम की भूरी भूरी प्रशन्नसा की। वही उन्होने स्पेशल लिफाफा के बारे में बताते हुए कहा कि पोस्ट ऑफिस किसी महान विभूति, ऐतिहासिक स्मारक, मंदिर सहित किसी विशेष थीम पर स्पेशल लिफाफा जारी करने की परमिशन देती है। स्पेशल कवर बनाने वाली संस्था व समाज के लोग उसे अपने खर्चे पर



छपवाते हैं। फिर उसके ऊपर लोगो लगवा देते है। यह स्पेशल लिफाफा एक संग्रह का केंद्र बन जाता है। इसका उपयोग अलग-अलग टिकट लगाकर भी किया जाता है। साथ ही नसिया ट्रस्ट के अध्यक्ष जिनेंन्द्र जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य श्री के जीवन के बारे में प्रकार डाला।

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के जीवन का दिया परिचय - जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष पं बागमल जैन ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के जीवन का परिचय देते हुए बताया कि संत शिरोमणि संस्कृति शासनाचार्य विद्यासागर महाराज का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को ग्राम सदलगा, तहसील-चिक्को?ी जिला-बेलगाम (कर्नाटक) में हुआ था। 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर शहर में महाकवि ज्ञानमूर्ति आचार्य ज्ञानसागर महाराज से दिगम्बर दीक्षा धारण की। 4 वर्ष की कठिन साधना, कठोर तपस्या और ज्ञान आराधना करके गुरुदेव की परीक्षा में पास हुए। तब आचार्य गुरुवर ज्ञानसागर महाराज ने उन्हें 22 नवंबर 1972 को नसीराबाद, जिला-अजमेर (राजस्थान) में अपना आचार्य पद देकर आचार्य बनाया। 50 साल की इस यात्रा में आचार्य विद्यासागर महाराज ने देश की लगभग 50 हजार किलोमीटर की पदयात्रा में संस्कृति की धर्म पताका को फहराते हुए जैन दर्शन को समाज के सामने उपस्थित किया है। इस दौरान देश की युवा पी?ी, जो उच्च कोटि की डिग्रियां हासिल कर उनके चरण सन्निधि में आए और उनसे प्रभावित होकर इन जैसे बनने उनके चरणों में समर्पित हो गए।


एसडीएम ने किया समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान - कार्यक्रम के दौरान एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने मंच के माध्यम से समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। वही उन्होंने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि इतने महान संत के कार्यक्रम में मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है में बहुत भाग्यषाली हूं। में अब कार्यक्रम के उपस्थित समाज के सभी वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण कर सम्मान करूंगा। इस अवसर पर एसडीएम प्रवीण प्रजापजि ने जैन समाज के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन,पं बागमल जैन,सीलचन्द्र जैन बगरोदा,नैमीचन्द्र जैन,विजय जैन,पंचखनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,सौरभ जैन गुलाबगंज,अशोक जैन बगरोदा,प्रवीण जैन रानू,राजेश जैन भूपत,संजय जैन सियालपुर,पवन जैन,अशोक जैन,आशीष चमपतिया, देवेंन्द्र जैन,राजकुमार जैन,प्रमोद जैन,नसिया ट्रस्ट के पूर्व मंत्री जितेंन्द्र जैन दालमील,हाजीपुर जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेश कौशल, बडें जैन मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण भूपत,छोटे मंदिर के अध्यक्ष राजेश जैन भौरिया का सम्मान किया। शाल श्री फल से किया अतिथियों का सम्मान - कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम प्रवीण प्रजापति,पोस्ट मास्टर मुकेष बागडी का दिगंबर जैन पंचखनी मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी के नेतृत्व में पूरी टीम ने शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया। और लिफाफा के अनावरण करने के बाद प्रतिचिन्ह के रूप में भारतीय डाक विभाग द्धारा लिफाफा भी भेंट किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विषेष रूप से अषोक जैन मोदी,राजीव जैन टायपिंग मौजूद रहें। वही कार्यक्रम का संचालन राजीव जैन सैनानी ने किया। वही जैन समाज के कोषाध्यक्ष विजय जैन भौरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया

# स्कॉच अवार्ड प्रतिस्पर्धा में ग्वालियर स्मार्ट सिटी की 3 परियोजनाए स्कोच ऑर्डर-ऑफ-मेरिट से हुई सम्मानित



**ग्वालियर।** देशभर में इनोवेटिव कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद निकाय एवं विभागों को दिए जाने वाले राष्ट्रीय स्तर के स्कॉच अवार्ड की प्रतिस्पर्धा में विभिन्न श्रेणियों के तहत ग्वालियर स्मार्ट सिटी की तीन परियोजना को ÷ऑर्डर ऑफ मेरिट÷ से सम्मानित किया गया है।स्कॉच अवार्ड की घोषणा वर्चुअल समारोह में बुधवार को की गई। इस अवसर पर ग्वालियर से स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कंमाण्ड सेंटर पर नगर निगम आयुक्त व स्मार्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक किशोर कन्याल, ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर सहित स्मार्ट सिटी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने इस उपलक्ष पर कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा ग्वालियर में विश्वस्तरीय कार्य किए जा रहे हैं तथा इस सम्मान को ग्वालियर के विकास का प्रतिबिम्ब बताया। साथ ही उन्होंने कहा की ये अवॉर्ड टीम को और ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगा।इस अवसर पर ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालियर स्मार्ट सिटी की 3 परियोजना जिसमे ड़साड लाइटिंग, डिजिटल म्यूजियम एंड प्लेनेटोरियम व रीजनल आर्ट एंड क्राफ्ट डिड़ाइन सेंटर को विभिन्न श्रेणियों में स्कॉच अवार्ड के तहत ÷ऑर्डर ऑफ मेरिट÷ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। श्रीमती माथुर ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्वालियर स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं को स्कॉच अवार्ड मिलना पूरे शहर के लिए बड़ी खुशखबरी है। और इस प्रतिस्पर्धा में ग्वालियर स्मार्ट सिटी की परियोजनाओ को मिले सम्मान ने पूरे देश मे ग्वालियर का गौरव बड़ाया है।

# मंहगाई, बेरोजागारी से ध्यान हटाने की जा रही तोडफोड़: देवेन्द्र शर्मा



**ग्वालियर ।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने आज ग्वालियर को बदहाल बनाने वाली भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाने और टूटी सड़कें, अंधकार का बोलबाला, बदबूदार पीने का पानी जैसी नाकामियों को छिपाने के लिए तोड़फोड़ की जा रही है।शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि आज भी शहर की सड़के टूटी पड़ी है, विकास के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है, महंगाई के दौर में व्यापारियों और दुकानदारों को उजाड़ा जा रहा है, तिनका तिनका जोड़कर मकान बनाने वालों को बर्बाद किया जा रहा है, एक योजना पूरी नहीं कर पाते है, दूसरी योजना प्रारंभ कर देते है, राजपायगा रोड, गोरखी की कार्ययोजना बदहाली दिखा रही है, धन कमाने की नई-नई योजनाएं हाथ में ली जा रही है, लेकिन सड़कें नही बनाई जा रही है, शुद्ध पीने के पानी नहीं दिया जा रहा है, ग्वालियर को बदहाल बनाने वाली भाजपा इस शहर को खंडहर बनाने पर तुली हुई है, भाजपा की नाकामी को उजागर करने के लिए कांग्रेस संकल्पित है।कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा ने भाजपा के तोडफोड़ अभियान को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पूर्व कलेक्टर आकाश त्रिपाठी, पी. नरहरि, अनुराग चैधरी, भरत यादव आदि ने भाजपा के अतिक्रमणों पर लाल निशान लगाए थे, जिन्हें आज तक नही तोड़ा गया, सिटी सेंटर में भूमाफिया के अतिक्रमण को छोड़ा गया है, केवल ग्वालियर के नागरिकों का आशियाना उजाड़कर दोहरी नीति का पालन भाजपा कर रही है।

# राज्य मंत्री कुशवाह एवं कलेक्टरने बेहट में निर्माणाधीन अस्पताल का किया निरीक्षण



**ग्वालियर ।** संगीत सम्राट तानसेन की नगरी बेहट में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का मंगलवार को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह और कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री कुशवाह ने निर्देश दिए कि यह अस्पताल भवन जल्द से जल्द और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा इस अस्पताल के निर्माण से बेहट सहित समीपवर्ती लगभग दो दर्जन गाँवों व मजरो-टोलों के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मिल सकेंगीं। कलेक्टर सिंह ने कार्य एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित मापदण्डों का पालन करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे।

## प्रभात झा के छोटे पुत्र की शादी,राष्ट्रपति प्रधानमंत्री भी पहुंचे

~~ग्वालियर। दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय~~ उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सासंद प्रभात झा के छोटे पुत्र अयत्न झा का शुभ विवाह बीती रात्रि 22 जनवरी को नई दिल्ली के अशोका होटल में संपन्न हुआ। इस मौके पर महामहिम राष्ट्पति रामनाथ कोविंद सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह,केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नडडा सहित देशभर के विभिन्न राज्यों से आये राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उद्योगपति, केन्द्रीय मंत्रियां ने नवयुगल जोड़ी को शुभकामनाएं दी। महामहिम राष्टपति एवं प्रधानमंत्री लगभग आधा घंटा विवाह स्थल पर रहे। ज्ञातंव्य है कि प्रभात झा के छोटे पुत्र अयत्न झा का शुभविवाह कलकत्ता निवासी डा. कुशेश्वर झा की पुत्री शुभ्रा के साथ बीती रात संपन्न हुआ। विवाह समारोह के मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवानी,लोकसभा अध्यक्ष ओम बि?ला, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर,प्रकाश जावड़ेकर,अनुराग ठाकुर,वी.के. सिंह,महेन्द्र नाथ पांडेय,शाहनबाज हुसैन,राज्यपाल आनंदी बेन पटेल,भगत सिंह कोश्यारी अवधेशानंद महाराज,बाबा रामदेव ,अर्जुन मुंडा,संजय राउत,किरण खेर,श्याम मंदिर कमेटी रजि. के कोषाध्यक्ष श्याम सिंह चैहान आदि

# कलेक्टर ने दूरस्थ गाँवों में पहुँचकर किया शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण

**ग्वालियर ।** दूरस्थ ग्रामीण अंचल की समस्याओं व कठिनाईयों के निदान के उद्देश्य से कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मंगलवार को मुरार जनपद पंचायत के दूरस्थ गाँवों में पहुँचे। उन्होंने इस दौरान ग्राम गुंधारा व बेनीपुरा में स्थित पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबा?ी व अन्य सरकारी संस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीणों से रूबरू होकर मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान की जमीनी हकीकत भी जानी। ग्रामीणों ने जन सेवा अभियान के आयोजन पर संतुष्टि जताई। साथ ही सरकार के प्रति धन्यवाद जाहिर किया। कलेक्टर सिंह ने गुंधारा व बेनीपुरा की शासकीय संस्थाओं में साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थायें ठीक न पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय भवनों के शौचालय व सभी कक्ष साफ-सुथरे रहें। साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी पुख्ता रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यह व्यवस्थायें एक हफ्ते के भीतर नहीं सुधरीं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। भ्रमण के दौरान कलेक्टर के साथ एसडीएम मुरार ग्रामीण श्रीमती पुष्पा पुषाम सहित राजस्व विभाग के अन्य मैदानी अधिकारी मौजूद रहे।



# सीसुबल में लगा रोजगार मेला, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बांटे सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र

**ग्वालियर।** सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के 45 स्थानों पर केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में कुल 203 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। जिसमें सीमा सुरक्षा बल- 50, रेलवे -97, पोस्टल डिपार्टमेंट - 3, केनरा बैंक - 03, पीएनबी - 01, आईओबी - 01, एसएसएफ - 04, एसएसबी - 19, सीआईएसएफ - 07, आईटीबीपी - 04 व असम राइफल्स के 15 युवा शामिल हैं।सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में इस आयोजन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने युवाओं से संवाद किया व प्रधानमंत्री के साथ वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा जुड़े रहे और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया



ने अपने संबोधन में युवाओं को देश की असली शक्ति बताया और चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को अपनेभीतर के विद्यार्थी को जिंदा रखकर, आगे बड़ने के संकल्पके साथ, काम करते - करते अपनी योग्यता बड़ाते हुए देश के विकास में सहायक बनना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्म योगी प्रारंभ मॉड्यूल का शुभारम्भ किया और युवाओं से आह्वान किया कि इस मॉड्यूल से जुड़कर ऑनलाइन ट्रेनिंग प्राप्त करें व अपनी योग्यता बड़ाए और नए अवसरों का लाभ उठाए।इस अवसर पर सुश्री सोनाली मिश्रा अपर महानिदेशक निदेशक बीएसएफ अकादमी टेकनपुर, संजय सिंह गहलोत महानिरीक्षक सीसुब (संयोजक), जेएस ओबेरॉय वीएसएम महानिरीक्षक संयुक्त निदेशक एवं बीएसएफ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों के साथ सरकार लोगों को आत्मनिर्भर भी बना रही हैः मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर ।** उत्कृष्ट अधोसंरचना के निर्माण के साथ-साथ किसानों की समृद्धि और हर युवा को आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी सोच के साथ सरकार द्वारा विकास कार्यों के साथ-साथ किसानों एवं युवाओं को उद्यमी बनाने के लिये आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कही। कुशवाह मंगलवार को संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम सह जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने बेहट में 2 करोड़ 25 लाख रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इनमें बेहट की कृषि उपज मंडी को क्रियाशील करने के लिये एक करोड़ 57 लाख रूपए लागत की संरचनाओं व लगभग 26 लाख रूपए लागत के अमृत सरोवर तालाबों का भूमिपूजन और लगभग 40 लाख रूपए की लागत से बनकर तैयार हुए खाद विक्रय केन्द्र सह 500 मैट्रिक टन क्षमता के गोदाम का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव एवं कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के साथ जन समस्या निवारण शिविर में मौजूद रहकर आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निदान कराया। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित आधा दर्जन स्व-सहायता समूहों की दीदियों को 6 ङ्क 6 लाख रूपए के मान से 42 लाख रूपए की कैश क्रेडिट लिमिट सहित लाड़ली लक्ष्मी योजना, कर्मकार कल्याण मंडल, खाद्य सुरक्षा व अन्य विभागीय योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किए। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बेहट की मंडी क्रियाशील हो जाने से इस क्षेत्र के गाँवों के किसानों को बड़ा फायदा होगा। क्षेत्रीय किसानों को अपनी उपज बेचने व खाद लेने के लिये ग्वालियर नहीं जाना पड़ेगा।

# क्षय रोगी को इलाज के साथ मिले अपनत्व, तो जल्दी टीवी मुक्त होगा भारत समीक्षा गुप्ता

## राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन के तहत निक्क्षय पोषण आहार पैकेट वितरण कायर्क्रम

ग्वालियर। क्षय रोग लाइलाज रोग नहीं है, सही और नियमित इलाज से क्षय रोग पूर्ण रुप से सही हो सकता है। क्षय रोगी को यदि इलाज के साथ अपनत्व मिले तो मरीज और अधिक तेजी से ठीक हो होता है। इसी उददेश्य को लेकर सरकार द्वारा सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों को भी इस दिशा में आगे आकर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जब इस पुनीत कार्य में सभी का सहयोग मिलेगा तभी हम क्षय रोग मुक्त भारत बना सकते हैं। उक्ताशय के विचार पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने आज राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निक्क्षय पोषण आहार फूड पैकेट वितरण के अवसर पर व्यक्त किए। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टी.वी मुक्त भारत 2025 की दिशा में किए जा रहे एक प्रयास के अंतर्गत हेमसिंह की परेड सिविल डिस्पेंसरी के माध्यम से 110 क्षय रोगियों को चिन्हित किया गया है, जिसके तहत क्षय रोगियों को 6 माह तक गोद लेकर निक्क्षय पोषण आहार फूड पैकेट वितरण किया जाना है। इसी क्रम में आज प्रथम माह के 20 रोगियों को निक्क्षय पोषण आहार फूड पैकेट वितरण पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता द्वारा



किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चैधरी ने उपस्थित होकर क्षय रोग के प्रति आमनागरिकों से भी जागरुक रहने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. दीपाली माथुर, पूर्व सभापति बृजेंद्र सिंह जादौन, अशोक पटसरिया, चेतन मंडलोई, मनोज मुटाटकार, सुघर सिंह पवैया, श्रीमती विद्या थोराट, अशोक जैन, बंटी भदोरिया, जंडेल गुर्जर, श्रीमती प्रीति थोराट, भास्कर गायकवाड, सुश्री रजनी भदोरिया, श्रीमती ममता आर्य, सुश्री रुकमणी सहित बडी संख्या में समाजसेवी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

**समाजसेवी संस्थाएं एवं समाजसेवी भी बन रहे हैं सहभागी-** ूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 तक भारत में टीबी नियंत्रण और उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा समाजसेवी संस्थाओं एवं समाजसेवियों से सहभागिता की अपील की गई। जिसके तहत अनेक समाजसेवियों एवं संस्थाओं द्वारा आगे आकर इस कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए सहमति दी है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478